हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 जुलाई 2024

[राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव]

NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो फीस नहीं : PCI भिलाई

जो स्टूडेन्ट NEET व JEE की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए सुनहरा अवसर है क्योंकि 15 जुलाई से नया बैच प्रारंभ होने जा रहा है जिसका नाम NEET व JEE जूनून बैच है।

इस बैच में पढने वाले स्टूडेन्ट को NEET व JEE में चयन होने के बाद ही फीस लिया जाता है यह बैच सीमित स्टूडेन्ट के लिए है केवल 40 स्टूडेन्ट ही इस बैच में पढाई करेंगे। इस बैच में प्रत्येक दिन 6 घंटे की क्लास व 3 घंटे की डाऊट क्लास इस तरह प्रत्येक दिन 9 घंटे की क्लास होगी। हर रविवार NEET व JEE आधारित साप्ताहिक टेस्ट होगी। इस बैच में पढाने वाले शिक्षकगण दिल्ली व कोटा के विषय विशेषज्ञ डाक्टर्स व आईआईटियन्स है। स्टूडेन्ट को क्लास में DPP, कम्पलीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, टी शर्ट दी जायेगी। लाइब्रेरी व छात्रावास की भी सुविधा है। कोर्स कम्प्लीट उपरान्त स्टूडेन्ट को ऑल इण्डिया टेस्ट सीरीज कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशनल क्लास भी कराया जाता है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होती है।

जूनून बैच जैसे कि नाम से विदित हो रहा है कि सभी स्टूडेन्ट का नीट व जेईई में चयन कराना यह ऐसा बैच है जिसका सलेक्शन रेशियो 100% होता है। PCI भिलाई का उद्देश्य है कि हर स्टूडेन्ट देश के प्रतिष्ठित एम्स कॉलेज व आई.आई.टी. कॉलेज में पढ़ाई करें।

जूनून बैच के स्टूडेन्ट ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है जो छत्तीसगढ़ में एक अतुल्य परिणाम है।

आज नीट व जेईई में चयन होना बहुत ही आसान है। इसके लिए स्टूडेन्ट को प्रतिदिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाऊट क्लास अटेण्ड करना है। DPP को प्रैक्टीस करना है व डाऊट पूछना है। हर संडे टेस्ट देना है।

बस इतना कार्य स्टूडेन्ट ईमानदारी से कर लेता है तो उसे नीट व जेईई में सलेक्शन होने से कोई नहीं रोक सकता, बस यही सफलता का मूलमंत्र है। तो चलो स्टूडेन्ट आज ही जूनून बैच ज्वाइन करें व सफलता का इतिहास गढ़े।

PCI संस्था भिलाई में शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में संचालित होती है। मो.नं.- 7805888600.

Advt.

परिसीमन का प्रथम प्रकाशन आज, 15 जुलाई तक दावा-आपत्ति का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साल अंत में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव से पहले की जा रही परिसीमन की प्रक्रिया के तहत आज बदलाव को लेकर प्रथम प्रकाशन किया जाएगा। जिले के चारो निकाय में आज प्रकाशन के बाद इसके विरुद्ध दावा-आपत्ति के लिए 15 जुलाई तक का समय दिया जाएगा। दावा-आपत्ति के निराकरण के बाद ही अंतिम प्रकाशन होगा। जिसके तहत निकाय के चुनाव कराए जाएंगे।

हालांकि जिले के किसी भी निकाय में वार्ड की संख्या नहीं बढ़ाई जा रही है। बताया गया कि चारो निकाय में 30 से 40 फीसदी वार्डों की सीमाओं में बदलाव किया गया है। राजनांदगांव नगर निगम में एक वार्ड को विलोपित कर एक नया वार्ड बनाने की भी जानकारी सूत्रों से मिली है। ऐसे ही कुछ वार्डों में मतदाताओं की संख्या बराबर करने के लिए सीमाओं में बदलाव किया गया है।

उल्लेखनीय है कि जून महीने में ही प्रदेश सरकार ने सभी जिलों को नगरीय निकाय का परिसीमन करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नगर निगम राजनांदगांव, नगर पालिका डोंगरगढ़, नगर पंचायत छुरिया और नगर पंचायत डोंगरगांव में अफसरों को जिम्मेदारी देकर परिसीमन करने के निर्देश दिए थे। आज इस परिसीमन की प्रक्रिया के तहत इन निकाय में किए गए बदलाव का प्रथम प्रकाशन किया जाएगा। इस बार भी परिसीमन वर्ष 2011 में किए गए जनगणना के आधार पर किया जा रहा है।

जिले के सभी चार नगरीय निकायों में किए गए परिसीमन के तहत बदलाव

इस तरह के बदलाव संभव

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव निगम में वार्ड क्रमांक 21 को विलोपित कर वार्ड क्रमांक 30 को दो हिस्सों में बांटकर एक नया वार्ड बनाया जा रहा है। ऐसे ही वार्ड क्र. 2 के आरक्षण में बदलाव हो सकता है। सर्वाधिक मतदाता वाले वार्ड क्र. 17 के हिस्से में कटौती की जा सकती है। ऐसे ही करीबन दो दर्जन वार्डों की सीमाओं को भी बदला गया है।

बदलेंगे राजनीतिक समीकरण

परिसीमन के प्रथम प्रकाशन के बाद इसमें हुए बदलाव पर सबसे पहली नजर वार्ड चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे नेताओं की होगी। परिसीमन में होने वाले बदलाव से राजनीतिक समीकरण भी कई वार्डों में बदल जाएंगे। हालांकि प्रथम प्रकाशन के बाद बड़ी संख्या में दावा-आपत्ति आने की भी संभावना जताई जा रही है। ज्ञात हो विपक्षी दल कांग्रेस ने सभी निकाय में बैठक कर परिसीमन को लेकर रणनीति तैयार की है।

शुरू होगी वार्डों में चुनावी गतिविधि

इधर परिसीमन की प्रक्रिया के साथ ही नेताओं की हलचल भी वार्डों में शुरू हो जाएगी। पिछले बार महापौर और निकाय अध्यक्ष का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से कराया गया था। हालांकि इस बार इसके प्रत्यक्ष रूप से कराए जाने की पूरी संभावना जताई जा रही है।

सफाई ठेके का नया टेंडर होने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था के तहत रखे गए

निगम का नया फार्मूला: व्यवस्था सुधारेंगे सौ कर्मी, कलेक्टर दर पर महीनेभर के लिए तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सफाई ठेके के टेंडर को लेकर चल रही गतिविधियों के बीच शहर को साफ रखने के लिए निगम ने सौ कर्मचारियों की तैनाती कर दी है। कलेक्टर दर पर इन कर्मचारियों को अस्थाई रूप से महीनेभर के लिए काम पर रखा गया है। इनके द्वारा शहर की सभी 51 वार्ड में सफाई व्यवस्था संभाली जाएगी। इसके साथ ही नियमित कर्मचारी भी सफाई का जिम्मा संभालेंगे।

उल्लेखनीय है कि शहर के 27 वार्डों की सफाई का जिम्मा हर साल ठेके में दिया जाता रहा है, इसकी अवधि अप्रैल से मार्च तक होती है, परन्तु इस साल मार्च में लोकसभा चुनाव को लेकर लागू की गई आचार संहिता के चलते नया टेंडर नहीं हो पाया। पुराने टेंडर की अवधि भी 30 जून तक बढ़ा दी गई थी। अवधि समाप्त होने से पहले नया टेंडर जून में किया गया। 23 जून को टेंडर खुलने के बाद इसमें नियमों की अनदेखी करने का आरोप महापौर हेमा देशमुख सहित एमआईसी सदस्यों ने लगाया। इसी के तहत 2 जुलाई को आयोजित की गई एमआईसी बैठक में सफाई ठेका निरस्त भी कर दिया गया। जून में अवधि समाप्त होने के चलते जुलाई के शुरूआत से ही ठेका वार्डों में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। जिसको दुरुस्त करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

खास बातें

- इस महीने आने वाली है सफाई सर्वे के लिए केंद्रीय टीम
- सुबह के साथ ही रात की सफाई व्यवस्था भी चरमराई

सफाई होगी दुरूस्त

जून तक तीन सौ नियमित कर्मचारियों के साथ ही 309 अनियमित कर्मचारी जिम्मा संभाल रहे थे, लेकिन एक जुलाई से ठेका समाप्त होने के बाद पूरे शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई थी, परन्तु अब फिर से 100 कर्मचारियों को अनियमित रूप से रखने के बाद व्यवस्था सुधारी जा सकेगी। हालांकि महीनेभर के लिए ही इन कर्मचारियों को रखा गया है।

विवाद से मिलेगा छुटकारा : निगम में सफाई ठेके के बंटवारे की कहानी किसी से छुपी नहीं है। पहले कांग्रेसी पार्षद भाजपाईयों को मैनेज किया करते थे, लेकिन अब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद इस बार के टेंडर में भाजपा नेताओं ने कांग्रेसी पार्षदों को मैनेज करने का काम किया है। मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पहले भी भाजपा के दो नेताओं की एक बैठक शहर सरकार के महत्वपूर्ण पद पर आसीन एक कांग्रेसी नेता से हुई है। जिसमें 27 में से 12 ठेके का संचालन कांग्रेसियों को देने पर सहमति बनी है।

मिलेंगे कर्मचारियों को पूरे पैसे

मिली जानकारी के अनुसार निगम ने 100 अनियमित कर्मचारियों को महीनेभर के लिए कलेक्टर दर पर रखा है। मौजूदा समय में 409 रुपए कलेक्टर दर चल रही है। ऐसे में सभी कर्मचारियों को दिन का 409 रुपए का भुगतान निगम करेगा। इससे पहले ठेका होने पर कर्मचारियों को पूरा भुगतान नहीं मिल पाता था, बल्कि ठेका लेने वाले ठेकेदार उन्हें कलेक्टर दर से कम ढाई सौ से पौने तीन सौ रुपए ही भुगतान कर रहे थे। ऐसे में निगम का बिना ठेके सीधे अनियमित कर्मचारियों को तैनात करने का फैसला कर्मचारियों के लिए भी फायदे का सौदा है।

रखे हैं कर्मचारी

शहर में सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 100 कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर महीनेभर के लिए रखा गया है। नियमित कर्मचारियों के साथ इनकी भी तैनाती कर सफाई कराई जाएगी।

- **अभिषेक गुप्ता**, आयुक्त ननि

चखना को लेकर विवाद बाद हत्या, शव को नाले में फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब पीने के लिए चखना खाने का विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने मिलकर युवक की पिटाई कर दी। जिससे उसकी मौत हो गई। शव को छिपाने के लिए आरोपी बाईक में दुर्ग पुलगांव के बीच नाला के पास ले जाकर फेंक दिए थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना सोमनी में गुम इंसान की प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पति दिनेश आडिल पिता तुलसीराम आडिल 26 साल साकिन ग्राम बैगाटोला, जो 17 जून को अपने घर से प्रतिदिन की तरह काम में निकला था। काम कर घर वापस न आने पर परिजनों द्वारा 21 जून को थाना में दिनेश आडिल की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराए थे। गुमशुदा पता तलाश दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि दिनेश आडिल 17 जून को जमुरी शराब भट्टी में 4-5 लड़कों के साथ बैठकर शराब पीया था। शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर आपस में लड़ाई-झगड़ा हुआ था, उसके बाद दिनेश आडिल उन लड़कों के साथ बाईक से वहां से चला गया था।

21 जून को दर्ज कराई थी एफआईआर

पुलिस ने आरोपियों पर की कार्रवाई

पुलिस ने इस मामले में आरोपी गौरव कुमार देशलहरे उर्फ पिंटू 25 साल ग्राम सोमनी, यशवंत कुमार उर्फ ईशु देशमुख 20 साल ग्राम ईरा, हर्ष कुंजाम उर्फ ग्रेनाईट 18 साल ग्राम गोटूलमुडा थाना मोहला, पामेश्वर कुंजाम उर्फ पामू 18 साल ग्राम गोटूलमुडा थाना मोहला एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। आरोपियों से दो बाईक, मोबाईल, बेल्ट एवं कैची जब्त कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

बाईक में ले जाकर नाले में धकेला

आरोपी संदेही अपने बाईक में ईशु देशमुख के साथ दिनेश आडिल को जबर्दस्ती बीच में बिठाकर इंद्रावानी के धरसा में ले गए। सुजल के बाईक में ग्रेनाईट और पामू भी वहां पर पहुंचे। सभी मिलकर दिनेश आडिल के साथ मारपीट करने लगे। जिससे वह बेहोश हो गया और उसका श्वांस चलना बंद हो गया था, तब उसके चेहरे और सिर में काला रंग का गमछा जो सुजल का था, कोई पहचाने न कर के बांध दिए थे और दिनेश आडिल को सुजल के प्लेटिना बाईक में बीच में बैठाये और दिनेश को लेकर सभी लोग दुर्ग तरफ चले गए। पुलगांव व दुर्ग के बीच गंदे नाले में रूककर दिनेश आडिल को बाईक से नीचे उतारे व लिटाकर उसके पेट के उपर पत्थर रखकर सुजल के गमछा से बांधकर गंदे नाले मे धकेल दिए थे।

हाथ-मुक्का व बेल्ट से मारपीट

इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना सोमनी पुलिस टीम गठित कर मुखबीर सूचना व तकनीकी सहयोग से संदेही गौरव कुमार देशलहरे उर्फ पिंटू एवं ईशु देशमुख उर्फ यशवंत देशमुख को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर गौरव कुमार देशलहरे उर्फ पिंटू ने पुलिस को बताया कि 17 जून को उसका दोस्त ईशु देशमुख उसके दुकान में था, उसी समय करीबन 2 बजे उसके दोस्त ग्रेनाईट, सुजल और पामू तीनों उसके दुकान में आए, कुछ देर बातचीत करने के बाद शराब पीने के लिए दुकान से बाईक से निकले। टायर दुकान वाले से चिकन लेकर वे पांचों लोग जमुरी शराब दुकान में बैठकर शराब पी रहे थे। उसी समय संदेही के जान-पहचान का दिनेश आडिल उन लोगों के पास आया और चखना मांगा, तब चखना दिनेश को दिए, शराब पीने के बाद दिनेश बोला कि वह ढाबा में काम करता है, तुम लोगों को खाना खिलाउंगा, तब संहेही बोला कि क्या खिलाओगे तो दिनेश कुछ बोला तो हम लोगों को गुस्सा आने पर दिनेश आडिल के साथ हाथ-मुक्का एवं बेल्ट से मारपीट किए।

माए एंगल

आबकारी विभाग की महिला अफसरों की शिकायत पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आबकारी महकमे में पदस्थ रहे पूर्व लोकेशन अधिकारी अमित मिश्रा के खिलाफ विभाग की तीन महिला अफसरों और दो पुरूष अधिकारियों द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस ने आज पर्यन्त तक कोई कार्रवाई नहीं की है। यही कारण है कि अब मामले की शिकायत राष्ट्रीय महिला आयोग और राज्य शासन स्तर पर किए जाने की भी तैयारी है। महिला और पुरूष अधिकारियों ने अपनी शिकायत में साफतौर पर उल्लेख किया है कि पूर्व लोकेशन अधिकारी द्वारा अफसर का नाम लेकर न केवल तबादले की धमकी दी जाती थी, बल्कि शराब दुकान और बार में भी निरीक्षण के लिए पाबंदी लगा दी गई थी। इसके अलावा महिला अधिकारियों के साथ लगातार अभ्रद व्यवहार भी किया जा रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव कार्यालय में पदस्थ 3 वरिष्ठ महिला अधिकारी और दो पुरूष अधिकारियों ने पुलिस विभाग को लिखित में या शिकायत दर्ज कराई थी कि पूर्व लोकेशन अधिकारी अमित मिश्रा महिला अधिकारियों को ⏭ शेष पेज 12 पर

कोई शिकायत पेंडिंग नहीं

अमित मिश्रा के खिलाफ कोई भी शिकायत पेंडिंग नहीं है। कोतवाली और सोमनी थाना में अलग-अलग मामलों में जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

- **पुष्पेन्द्र नायक**, सीएसपी

सीएसपी कार्यालय में शिकायत पेंडिंग

आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई शिकायत की जांच सीएसपी कार्यालय में पेंडिंग है। बताया जाता है कि महिलाओं से जुड़े इस मामले की शिकायत पर सीएसपी कार्यालय द्वारा उदासीनता बरती जा रही है। यही नहीं पिछले दिनों एक मामले में अमित मिश्रा को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन इसके तत्काल बाद उसकी रिहाई के लिए कोशिशें शुरू की गई। जिसमें पुलिस अधिकारी की भूमिका भी काफी संदिग्ध है। यही कारण है कि महिला अधिकारियों द्वारा अब इस मामले की शिकायत राष्ट्रीय महिला आयोग और राज्य शासन से किए जाने की भी तैयारी है।

अपनी 32 मांगों को लेकर हड़ताल पर पटवारी, चरमराई विभागीय व्यवस्थाएं

नामांतरण-सीमांकन जैसे कार्य अटके, शिविर भी नहीं लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजस्व महकमे के सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा माने जाने वाले पटवारी फिर से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। अपनी 32 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारियों ने यह अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत की है। इस हड़ताल का सीधा असर राजस्व महकमे के काम पर पड़ा है। सीमांकन-नामांतरण, बटांकन सहित अन्य कार्य प्रभावित हो गए हैं। इसके अलावा प्रदेश के सभी जिलों में 6 से 20 जुलाई के मध्य शासन ने शिविर लगाने कहा था। यह शिविर भी इस हड़ताल की भेंट चढ़ गए हैं। जिलेभर के कुल 168 पटवारी हड़ताल में चले गए हैं।

हड़ताल कर रहे पटवारियों का कहना है कि आज जहां हर कार्यालय में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है, पटवारियों को यह सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि पटवारियों को कम्प्यूटर लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर व इंटरनेट की सुविधा नहीं दी गई है। इसके बाद भी पटवारी अपने संसाधन से ऑनलाइन काम कर रहे हैं और इसकी वजह से पटवारी पर अतिरिक्त खर्च का भार आ रहा है। पटवारी को आवश्यक संसाधन, इंटरनेट भत्ता दिया जाए इन मांगों को लेकर राजस्व सचिव और भू-अभिलेख के संचालक को ज्ञापन भी दिया गया। मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। इस वजह से अब पटवारियों ने काम बंद कर दिया है।

भुइयां बना परेशानी का कारण

हड़ताल कर रहे पटवारियों ने बताया कि भुइंया सॉफ्टवेयर, जो छत्तीसगढ़ में जमीन के रिकॉर्ड मेंटेन करने का एक डिजिटल सॉफ्टवेयर है, उसके संचालन में भी दिक्कतें आ रही है। उन्होंने बताया कि इसकी विसंगतियों के कारण एक ओर जहां पटवारी को काम करने में परेशानी आ रही है तो दूसरी तरफ किसान या जमीन के मालिकों को बेवजह कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। सॉफ्टवेयर की परेशानी के लिए आम लोग पटवारी को जिम्मेदार मान रहे हैं, इसलिए इसमें सुधार की मांग की गई है।

लगने थे शिविर

फौती, नामांतरण एवं बंटवारा जैसे प्रकरणों के निराकरण के लिए गांवों में शिविर लगाने के निर्देश राजस्व मंत्री ने ही दिए थे। यह शिविर हर जिले में 6 से 20 जुलाई तक आयोजित करने की तैयारी थी। इनमें पटवारियों का अहम रोल था, लेकिन अब पटवारियों की हड़ताल से यह शिविर भी सफल होते नहीं दिखाई दे रहे हैं।

इस तरह की समस्याएं, मांग पूरी नहीं होने तक हड़ताल की चेतावनी

पटवारियों के हड़ताल में चले जाने से गिरदावरी, किसानों से संबंधित कार्यों और वर्तमान में आय-जाति बनाने जैसी समस्याओं से लोगों को जूझना पड़ेगा। अपनी मांगों को लेकर पटवारियों ने कहा है कि पटवारियों द्वारा अशुद्ध एवं बोगस खसरा नंबरों की सूची सक्षम अधिकारियों को उपलब कराने के बाद भी उस पर किसी भी प्रकार का निराकरण नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण सभी अशुद्ध एवं बोगस खसरा नंबर पटवारी आईडी में प्रदर्शित हो रहा है। जिसका जिम्मेदार भी पटवारियों को ठहराया जा रहा है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारवी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS),
FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कूल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाईंट रिप्लेसमेंट
- बेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

खबर संक्षेप

मशीन से धान की रोपाई

चिचोला। अंचल में सामान्य बारिश होने से कई किसान चिंतित है तो जिन किसानों के पास सिंचाई के साधन है वह रोपा लगा रहे हैं। वहीं किसानों को मजदूरों की कमी के संकट से भी जूझना पड़ रहा है जिसके देखते हुए किसानों ने रोप लगाने के लिए मशीन का उपयोग कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री साहू को दी बधाई

डोंगरगढ़। शहर भाजपा के मंत्री गुरविंदर सिंह भाटिया ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से गृह ग्राम लोरमी में मुलाकात किया। उन्हे आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री बनाए जाने पर बधाई देते हुए डोंगरगढ़ आने का आग्रह भी किया।

छात्राओं को किया अलर्ट

डोंगरगांव। मितानिन कार्यक्रम अंतर्गत ब्लॉक समन्वयक नीलिमा सिन्हा एवं प्रशिक्षिका माहेश्वरी राजपूत ने कन्या छात्रावास भ्रमण कर छात्राओं को बताया कि मलेरिया से बचने के लिए मच्छरदानी लगाकर सोना चाहिए। दस्त से बचाव के लिए स्वच्छ जल का सेवन करना जरूरी है। शौच के बाद और भोजन के पहले हैंडवॉश किया जाना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इस दौरान वृक्षों का महत्व बताते हुए पौधरोपण करने प्रेरित किया गया। माहवारी की समस्या को लेकर लड़कियों को आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान मितानिन रुपलता , छात्रावास अधीक्षिका रामेश्वरी गावरे आदि मौजूद थी।

प्रार्थना सभा में शामिल हुए विधायक

अंबागढ़ चौकी। वार्ड 11 में मसीह समाज द्वारा आयोजित प्रार्थना सभा में विधायक भोलाराम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या ताम्रकार, उपाध्यक्ष रीतेश मेश्राम, सभापति साधना सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल रफीक खान शामिल हुए। इस अवसर समाज प्रमुख श्री दर्शन निषाद ने मानव कल्याण के लिए प्रभु यीशु मसीह से प्रार्थना की। कार्यक्रम में मसीह समाज के लोग भी शामिल हुए।

सेवानिवृत प्रधानपाठक को विदाई

पनियाजोब। पूर्व माध्यमिक शाला बरनारकला के प्रधानपाठक घनश्याम श्रीवास्तव के सेवानिवृत होने पर शाला परिवार एवं ग्रामवासियों ने भावभीनी विदाई दी। संकुल प्राचार्य राधिका साहू ने बताया कि श्री श्रीवास्तव समय के काफी पाबंद थे। सरल स्वभाव के कारण बच्चों के चहेते शिक्षक थे। उनकी कर्तव्य निष्ठा के कारण केयारानी यादव एवं टेकांत साहू का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए हुआ। इस अवसर पर संकुल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने साल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस मौके पर वैज्ञानिक कविता मंडावी, शिक्षक महेश ठाकुर, सरपंच लिलार ध्रुव, रविता उइके, डॉ महेश तिवारी, बृजभूषण सिंह उपस्थित थे। संचालन जितेन्द्र चौरे ने किया।

खराब व्यवस्था के लिए सरकार को ठहराया जिम्मेदार, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

कांग्रेस ने महंगी बिजली और कटौती का विरोध कर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

बिजली दर में 8 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि और अघोषित बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेसजनों ने प्रदेश एवम जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन बिजली आफ़सि के सामने किया। इस दौरान राज्यपाल के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। धरना के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भिगेश यादव ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि बिजली दर में 8 से 20 प्रतिशत वृद्धि कर दिया गया है इसके बाद भी अघोषित कटौती के चलते लोगों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है।

धरना के बाद एसडीएम रेणुका रात्रे को ज्ञापन सौंपा गया। धरना प्रदर्शन में मोहसिन खान, रणजीत चंदेल, लियाकत अली, दिलीप आगरे, क्रांति ताम्रकर, अय्यूब कुरैशी, सुरेंद्र जायसवाल, हबीब खान, अरशद खान, असरफ खान, अमित टंडन, परमेश्वर पाल, शैलेन्द्र जायसवाल, आशीष देवांगन, कन्हैया कुर्रे, वेदांत यदु सहित अन्य शामिल हुए।

उपभोक्ताओं को डाला परेशानी में

उन्होंने बताया कि जब भूपेश बघेल की सरकार थी तब उपभोक्ताओं को आधा बिल मिलता था किन्तु जब विष्णुदेव साय सरकार ने बिजली दर में भारी वृद्धि कर उपभोक्ता, किसान पर आर्थिक बोझ डाल दिया है। सभा को मन्नू चंदेल, देवराज किशोर वैष्णव, बांकेलाल वर्मा, चेतन देवांगन, गुलशन तिवारी, सज्जाक खान आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने बताया कि दुर्ग संभाग में प्रीपेड मीटर लगाने का ठेका दे दिया गया है उसमें जियो का सीम लगेगा। भाजपा हर चीज का निजीकरण कर रही है जो किसानों सहित अन्य के हित में नहीं है।

सरकार पर भड़के कांग्रेसी

छुईखदान। बिजली बिल हाफ और कर्जा माफ करने वाली बघेल सरकार के जाने के बाद भाजपा सरकार ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है जिसका पहला उदाहरण बिजली की दर में भारी भरकम वृद्धि के रूप में सामने आया है। प्रदेश में सरप्लस बिजली होने के बाद भी लोगों को अघोषित बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आयोजित धरना के दौरान सभा में व्यक्त किए। कांग्रेस कार्यालय के सामने आयोजित धरना में प्रभारी मोतीलाल जंघेल ने कहा कि भूपेश बघेल ने जनहित में लागू किया था ताकि गांव, गरीब, किसानो को सीधा लाभ प्राप्त हो जिन्हे सरकार ने बंद कर दिया है। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गजेन्द ठाकरे, मोतीलाल जंघेल, रामकुमार पटेल, सज्जाक खान, छोटे राजा देवराज किशोर दास, कमलेश यादव, मो अशरफ खान, अशोक जंघेल, लिखन जंघेल, अशोक जंघेल, लिखन जंघेल, कोसन कोसरे, दिलीप महोबिया सहित अन्य शामिल हुए।

धरना देकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

डोंगरगांव। विद्युत शुल्क में वृद्धि के विरोध में कांग्रेसियों ने धरना देकर भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने पुराना बस स्टैंड में धरना दिया। इस मौके पर सरप्लस बिजली होने के बाद विद्युत दर में वृद्धि और अघोषित बिजली कटौती का विरोध करते हुए कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता और किसानों को परेशानी हो रही है। इस मौके पर सभा को विधायक दलेश्वर साहू, जिला अध्यक्ष भागवत साहू, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मदन साहू, विरेंद्र बोरकर, पूर्व नपं अध्यक्ष संध्या साहू, पीसीसी मेंबर श्रुति शुक्ला, तुले साहू आदि ने संबोधित किया। सभा का संचालन महेंद्र वैष्णव ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष चेतन साहू, सोनूराम साहू, सुयश नाहटा, अखिलेश नखत, रोशन यदु, संजय संचेती, कमल वैष्णव, वैशाली बोरकर, अरुणा देवांगन, नियाजुद्दीन सोलंकी, मुरली निषाद, प्रदीप रत्नाकर, रीमाबाई, रामकुमार वैष्णव, मंगलू साहू, युनुस खान, गोलू यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

धरना में शामिल हुए कांग्रेसी

छुरिया। विद्युत दर में वृद्धि और अघोषित बिजली कटौती के विरोध में ब्लॉक मुख्यालय में कांग्रेसजनों ने धरना दिया। आंदोलन में विधायक भोलाराम साहू, ब्लाक अध्यक्ष रितेश जैन, कार्यकारी अध्यक्ष राजू सिन्हा, राजकुमारी सिन्हा, सतीश पटेल, पूरन नेताम, अकील मेमन, सोनु खान, शकील कुरैशी, सलमान खान, रोशन साहू, पालन साहू, देवघर सिन्हा, यशवंत सिन्हा, राम साहू, सरफू आदि शामिल हुए।

विद्युत कार्यालय का किया घेराव

डोंगरगढ़। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के अहवान एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के मार्गदर्शन में शहर, ग्रामीण अध्यक्ष विजय राज चौहान, सुरेश सिन्हा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने बिजली कटौती और बिजली दर में वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन किया।

इस मामले को लेकर विधायक निवास में इकट्ठा होकर कांग्रेसजन गोल बाजार में नारे बाजी करते हुए बिजली विभाग पहुंचे और घेराव किया। यहां राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दिया। इस दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, प्रदीप शर्मा, ष विजय राज चौहान, सुरेश सिन्हा, जितेंद्र सिंह भाटिया, संदीपसिंह गहरवार, धीरज मेश्राम, हरीश भंडारी, दुलीचंद बडोले, पप्पू इंदुरकर, नरेश करसे, विष्णु लोधी, ओमप्रकाश महानदी, बबलू खोबरागड़े, कृष्णा लिल्हारे, तरुण फूले, शिशिर मिश्रा, सालिकराम, पंचराम चंदेल, दीनेतू प्रकाश जांगड़े, रामजी तराने, गौकरण कोसले, जगदेव साहू, सुरेश मेश्राम, पोमेश वर्मा, छगेंद्र, दिनेश साखरे, पलटूराम लहरे, दशरथ सोनी, पुरुषोत्तम चेलक, रूपचंद खोबरागड़े, रेखा खोबरागड़े, रितु निर्मलकर, निशा निर्मलकर, किरण मेश्राम, रंजीत भारती, लालाराम वर्मा, दीपक पाटिला, थानसिंह बार्ले, दीपक खुटेल, बनाऊ जोशी आदि उपस्थित थे।

कन्या शाला में मां के नाम पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रथयात्रा के अवसर पर वन विभाग तथा कन्या उच्चतर माध्यमिक विदयालय छुईखदान के तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि बीईओ श्री डडसेना थे। अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती मोजेश ने किया। इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी अशोक वैष्णव मौजूद थे। अतिथियों ने स्काऊट गाईड को प्रमाण पत्र वितरित किया। अतिथियों ने वृक्षारोपण की महत्ता पर प्रकाश डाला। अंत में प्राचार्य ने आभार प्रदर्शन किया गया। वन परिक्षेन अधिकारी ने निःशुल्क पौधा वितरण किया। विभाग के कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में छायादार, फलदार शोभाकारी पौधों का रोपण किया। इसी प्रकार बीईओ कार्यालय में भी वृक्षारोपण किया गया। इसी कड़ी में बीइओ कार्यालय से जय स्तंभ चौक से कन्या विद्यालय तक छात्र- छात्राओं, शिक्षण एवं वन विभाग के कर्मचारियों ने रैली निकाला। जिसमें करीब 300 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

कार्यशाला में विद्यार्थियों को वित्तीय फ्राड से बचने का बताया गया उपाय

- तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया आईआईटी भिलाई, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी तथा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के निर्देशन एवं एनसीसी प्रभारी प्रो. गणेश नेताम, रासेयो प्रभारी डॉ. आशाराम साहू, प्रियांकी गजभिये, मन्नूलाल नायक, गौतम नेताम आदि के सहयोग से आयोजित कार्यशाला का समापन 6 जुलाई को हुआ।

कार्यशाला के पहले दिन थाना प्रभारी उपेंद्र शाह ने साइबर सुरक्षा कानून, फेसबुक एवं अंजान लिंकों के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी के बारे में बताया। उन्होंने नए कानून के बारे में भी जानकारियां दी। सहायक प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार कुमेटी ने वित्तीय साक्षरता की पृष्ठभूमि पर अपनी बातें रखते हुए कार्यशाला के लाभ, उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसी कड़ी में डॉ. सुरेश पटेल ने वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान दिया। डेरहीन बाई मटियारा ने स्व सहायता समूह को सशक्त बनाने एवं बिहान के बारे में जानकारी दी । तीसरे दिन एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक रूपेश जैन राही ने बैंकिंग व्यवस्था, खाता खोलने, खाता के प्रकार, इंश्योरेंस , फ्रॉड से बचने आदि के बारे में जानकारी दी।

जागरूक करने पर जोर

कार्यशाला का समापन समारोह में विवि के प्राध्यापक डॉ. एलएस गजपाल के अतिथ्य में हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों से घर, परिवार और गांव में वित्तीय साक्षरता का प्रचार - प्रसार करने कहा। इस मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. एके धमगाये, डॉ.चेतन साहू, रेणुका ठाकुर, शिवनाथ देवांगन, चंचल स्टेला कुजूर सहित बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं शामिल हुए।

पौधारोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प

सड़क अतरिया। प्राथमिक शाला बेलगांव में पौधरोपण किया गया। सरपंच शारदा गोरेलाल जंघेल सहित अन्य ने स्कूल परिसर में फल एवं छायादार पौधा लगाकर सुरक्षा का संकल्प लिया। मौके पर राकेश जंघेल, रामाधिन सिन्हा, टकेश्वरी जंघेल, निरु उइके, सुदामा, पुष्पलता मिर्चे, लिखन जंघेल, टोकेन्द्र जंघेल, केसरी जंघेल, महेन्द्र जंघेल, सुरेन्द्र आदि मौजूद थे।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

रथयात्रा ने किया शहर भ्रमण

भक्तों के बीच पहुंचे भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगर की 300 बरस पुरानी परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ अपने ज्येष्ठ भ्राता बलदाउ एवं बहन सुभद्रा के साथ निजधाम से निकलकर भक्तों को दर्शन देने बाहर आए। उनके दर्शन के लिए नगर सहित ग्रामीण अंचल के भक्त यहां पहुंचे थे।

भगवान का रथ नगर के मुख्य मार्ग, बैरागीपारा, राजमहल चौक, जैन मोहल्ला, बाजार लाईन, ब्राम्हण पारा, जमुना चौक, जयस्तंभ चौक, बस स्टैण्ड, पुराना पुलिस थाना चौक होते हुए निजधाम पहुंचा। नगर की सेवाभावी संस्था जय जगन्नाथ सेवा समिति ने महाप्रसादी का आयोजन किया। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के दिन को काफी शुभकारी माना जाता है इसलिए बड़ी संख्या में लोग अपने नए घर में प्रवेश करते है। कहा जाता है कि गृह प्रवेश सहित अन्य धार्मिक कार्य के लिए इस दिन किसी मुहुर्त की जरूरत नहीं होती है।

नगर एवं क्षेत्र में बड़ी संख्या में अपने नए गृह में विधिवत प्रवेश किया जिसे लेकर ब्राम्हण सुबह से देर रात तक व्यस्त रहे। नगर के जैन मोहल्ला, ब्राम्हण पारा, बरई पारा, कनक नगर आदि क्षेत्र में गृहप्रवेश का आयोजन किया गया।

मंदिर में भंडारा का आयोजन

छुईखदान के छोटे राजा देवराज किशोर दास ने भगवान जगन्नाथ मंदिर में भंडारा का आयोजन किया। आयोजन में भगवान जगन्नाथ के भक्तों ने हजारों की संख्या शामिल होकर भगवान का प्रसाद ग्रहण किया।

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 •89595-44444

खबर संक्षेप

पारागांवखुर्द में साइकिल वितरण

तुमडीबोड। पारागॉव खुर्द स्थित शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9 वीं की छात्राओं को सायकल प्रदान किया गया। कार्यक्रम मे जनपद सदस्य लक्ष्मीनारायण वर्मा, बिसहत वर्मा, जगत वर्मा, अजय मानिक, भागीरथी देवांगन सहित शिक्षक शामिल हुए।

कलेक्टर जनदर्शन : सुनी जाएगी समस्याएं

मोहला। जिला स्तर पर अब प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकगणों की समस्याएं सुनी जाएगी। कलेक्टर एस. जयवर्धन के साथ ही जिले के अन्य अधिकारीगण द्वारा कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ ही यथोचित निराकरण किया जाएगा। नागरिकगण दोपहर 01 बजे से उपस्थित होकर अपनी समस्यों से संबंधित आवेदन प्रेषित कर सकते हैं।

वरिष्ठ सदस्य से की मुलाकात

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ कायस्थ महासभा (1990-1999) राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद जिला इकाई राजनांदगांव ने सृष्टि कालोनी निवासी समाज के वरिष्ठ सदस्य इंद्रविलास श्रीवास्तव से 30 जून को सौजन्य मुलाकात की।

स्नायुतंत्र संबंधी रोग से पीड़ित इंद्रविलास श्रीवास्तव द्वारा नागपुर महाराष्ट्र में भी उपचार लिया जा रहा है। महासभा के आनंदकुमार श्रीवास्तव, रविन्द्र श्रीवास्तव, प्रतीक श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, कर्णकांत श्रीवास्तव, प्रभाकर श्रीवास्तव, सन्नी श्रीवास्तव आदि सदस्यों ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर मुलाकात करते उनसे कुशलक्षेम की जानकारी ली। पुष्पगुच्छ भेंटकर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की व सौजन्य मुलाकात किया।

भाजपा शासन में खाद के लिए भटक रहे किसान : महेंद्र

राजनांदगांव। जिला पंचायत सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण महामंत्री महेन्द्र यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में किसान डीएपी खाद के लिए रोज सोसायटी का चक्कर लगा रहे हैं, परंतु डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। रोपाई का समय है और खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। श्री यादव ने कहा कि पिछले 5 साल छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रही। 5 साल कभी भी किसानों को खाद-बीज के लिए भटकना नहीं पड़ता था। खाद नहीं मिलने से किसान व्यापारी से अधिक दामों में खाद लेने विवश हो जाते हैं। उन्होंने भूपेश बघेल की सरकार में किसानों को फसलों का सही दाम मिला, किसान समृद्ध हुए, खुशहाल हुए, लेकिन आज फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार में किसान अपनी किसानी के लिए खाद के लिए भटक रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि जल्द ही किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद नहीं मिलने पर क्षेत्र के किसानों के हक के लिए छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार की नाकामी के विरोध में धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जाएगा।

प्रवेशोत्सव में बच्चों का स्वागत

बांधाबाजार। संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन संकुल केन्द्र बाँधा बाजार 1 एवं 2 के तत्वावधान में किया गया। उत्सव का शुभारंभ पूजा अर्चना कर अतिथियों, संकुल प्राचार्यो, संकुल समन्वयकों ने किया। राजकीय गीत एवं स्वागत नृत्य माध्यमिक शाली की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कक्षा पहली, छठवीं और नवमीं के बच्चों का तिलक से स्वागत कर मुंह मीठा कराया गया। इस मौके पर गणवेश और पाठयपुस्तक प्रदाय किया गया। महिला समूह ने न्योता भोज का आयोजन किया। बीईओ ने योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य योगमाया साहू, शेषश्वरी धुर्वे, सरपंच प्रीति चौहान, बीईओ एसके धीवर, रंजन साहू, डॉ माधवी गणणवीर, उद्दल सलामे, सुनीता चौधरी, सोहन कोमरे आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे। अंत में मिठाई वितरण किया गया। आभार प्रदर्शन उद्दल सलामे और संचालन प्रदीप साहू ने किया।

उल्लास साक्षरता केंद्र का शुभारंभ

मोहला। ग्राम कुंजामटोला में उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने जागरूकता रैली निकाला। रैली में गांव के असाक्षरों से को साक्षर होने के लिए उल्लास साक्षरता केंद्र आने की अपील की गई। असाक्षरों को साक्षर करने के लिए प्रत्येक ग्राम में सामाजिक जन चेतना केंद्र बनाया गया है, जहां पठन- पाठन की गतिविधि संचालित होगी। कुंजामटोला में उल्लास साक्षरता केंद्र बनाया गया जहां स्वयं सेवी शिक्षक असाक्षरों को साक्षर बनाएंगे। इस योजना से 15 वर्ष से अधिक उम्र के सभी महिला एवं पुरुष को शिक्षित किया जाएगा। रैली में राजेंद्र कौरे, डीईओ फत्तेराम कोसरिया, बीईओ राजेंद्र देवांगन, दरबन बोगा, केवलराम साहू, अजिताभ वर्मा, मलेश मालेकर आदि शामिल हुए।

भाजपा सरकार के खिलाफ भड़के कांग्रेसी, सौंपा ज्ञापन

बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेसियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भाजपा सरकार बनने के बाद से सरप्लस बिजली वाले प्रदेश मे कटौती और दर में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेसियों ने अंबेडकर चौक में धरना प्रदर्शन बाद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया।

धरना प्रदर्शन मे कांग्रेस नेताओ ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि भूपेश राज में सरप्लस बिजली वाले प्रदेश में लोगों को बिजली बिल हाफ की सौगात मिली थी, लेकिन महज छै महीने में ही भाजपा सरकार ने अपना असली चेहरा दिखा दिया। सरप्लस बिजली होने के बाद भी कटौती और खपत दर में बीस प्रतिशत बढ़ोतरी होने से बिजली उपभोक्ताओं सहित किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने विष्णुदेव साय सरकार पर प्रदेश मे उपलब्ध बिजली को पड़ोसी राज्यों में बेचने का आरोप लगाते हुए कहा कि गांव गरीब और किसानों के हित को लेकर वो गंभीर नही है। शहर व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित एकदिवसीय धरना प्रदर्शन मे शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, ब्लाक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, जिपं सभापति विप्लव साहू, गुलाब चोपड़ा, मनराखन देवांगन, दीपक देवांगन, रविंद्र सिंह गुड्डा, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, निर्मला विजय वर्मा, उत्तम जंघेल, शरद रजक, रिंकू गुप्ता, सत्यवान वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, ओम साहू, कोमल वर्मा, संतकुमार निषाद, भगवती बंसोड़, बलदेव वर्मा, रतन सिंगी सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसी मौजूद थे।

महंगी बिजली से उपभोक्ता परेशान

किसान, जवान परेशान

धरना प्रदर्शन बाद राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन मे कांग्रेस नेताओं ने बढ़ी हुई बिजली दर को वापस लेने, अघोषित कटौती तत्काल बंद करने की मांग की है। जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा कि सरप्लस बिजली वाले राज्य में बिजली कटौती से किसान परेशान है उनका खेती किसानी का काम प्रभावित हो रहा है वही बारिश के अभाव मे बढ़ी उमस से आम लोग हताश परेशान हो गए है। कांग्रेस आम जनता की परेशानियों में साथ खड़ी है। उन्होने कहा कि शाम पांच बजे के बाद ज्यादातर गॉवों में किसान बिजली बंद होने के कारण बोरवेल का उपयोग नही कर पा रहे है जिसे लेकर बिजली कंपनी भी वाजिब कारण नही बता रही है जिससे किसान परेशान है।

बेटे के हत्यारे पुलिस पकड़ से बाहर, ग्रामीणों ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बोर बंद करने गए जवान बेटे की हत्या करने वाले आरोपी को दो महीने बाद भी नही तलाश पाने से नाराज देवारीभाठ के ग्रामीणों ने एसपी को ज्ञापन दिया और कहा कि पांच दिन मे हत्यारा नही पकड़ाया, तो वो थाना घेराव और चक्काजाम करने से नही चूकेंगे।

गौरतलब है कि थाना अंतर्गत 19 मई को शहर से महज सात किमी दूर देवारीभाट में हुए युवक के हत्या की गुत्थी पुलिस दो महीने होने को है पर सुलझा नही पाई है। ज्यादातर हत्या के मामले पुलिस ने कम समय में सुलझा लिया पर देवारीभाठ में हुई हत्या की गुत्थी सुलझाने में पसीना छूट रहा है। देवारीभाट निवासी 37 साल का राजेश्वर पिता अलखराम वर्मा बीते 18 मई की रात घर से खेत का बोर बंद करने निकला था। पूरी रात घर नही आने पर सुबह परिजन खेत पहुंचे तो उसकी लाश पड़ी मिली थी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम पहुंची और विवेचना में जुट गई। घटना के एक महीने बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट आया जिसमे राजेश्वर की मौत गला घोटने से होना और शराब पीया जाना भी बताया गया है। घटना के दो महीने बाद भी पुलिस राजेश्वर के हत्यारे तक नहीं पहुंच पाई है। मृतक राजेश्वर के पिता अलखराम वर्मा को न्याय की आस मे दर बदर भटकते देख ग्रामीणों ने भी मोर्चा खोल दिया है और पांच दिन के भीतर हत्यारे को नही ढूंढने पर थाना घेराव व चक्काजाम की चेतावनी देकर गांव वापस लौट गए।

परिवार की हालत देख सामने आए ग्रामीण

नाराज ग्रामीणों ने कहा कि मृतक राजेश्वर पर पत्नि और दो नाबालिग बच्चों के अलावा बुजुर्ग माता पिता की देखरेख की जिम्मेदारी थी। उसकी हत्या के बाद से पूरा परिवार परेशान हो गया है। न्याय की आस मे बुजुर्ग पिता दर दर भटक रहा है और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में राजेश्वर के हत्यारे का जल्द ढूंढकर गिरफ्तार करने और परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

हाईटेक शौचालय निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वच्छ भारत मिशन 2.0 योजनांतर्गत पुष्पवाटिका में हाईटेक शौचालय निर्माण के लिए बीते दिनों आयोजित कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे ने महापौर हेमा सुदेश देशमुख की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। इस दौरान रमेश पटेल, भरत वर्मा, किशुन यदु, देवशरण सेन, राजेश श्यामकर, खेमीन यादव, शिव वर्मा, गगन आईच, शेखर यादव, राजेश यादव, आशीष डोंगरे, रघुवीर वाधवा, आलोक श्रोती, आकाश चोपड़ा व योगेश बंजारे उपस्थित थे।

सांसद श्री पांडे ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत हॉईटेक शौचालय का निर्माण यहां किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता से देश के लोगों को जोड़ा, इससे लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आई। मोदी ने घर-घर शौचालय निर्माण की योजना लागू की। जिसका लाभ मिला और हर घर शौचालय का निर्माण हुआ। जिससे खुले में शौच की प्रथा बंद हुई और गंदगी से भी निजात मिला।

लोगों को मिलेगा लाभ

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि नगर निगम द्वारा पुष्पवाटिका में हाईटेक शौचालय निर्माण करने भूमिपूजन किया जा रहा है। महिला एवं पुरूष के लिए 10 सीटर सर्वसुविधायुक्त शौचालय का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत हाईटेक शौचालय निर्माण की इस योजना से आधुनिक शौचालय का लाभ लोगों को मिलेगा। पुष्पवाटिका में प्रतिदिन हजार की संख्या में भ्रमण, योगा, खेलकूद व मनोरंजन के लिए आते हैं। हाईटेक शौचालय बनने से उन्हें भी सुविधा मिलेगी। इसका निर्माण अतिशीघ्र गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर पिंकी खाती, अनिमेष चंद्राकर सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

दर्शन के लिए आयोध्या जाएंगे जिले के 91 श्रद्धालु

राजनांदगांव। श्रीराम लला दर्शन (आयोध्या धाम) योजना अंतर्गत 55 से 75 वर्ष आयु वर्ग के श्रद्धालुओं को 24 जुलाई से 21 अगस्त तक श्रीराम लला दर्शन कराया जाएगा। राजनांदगांव जिले के लिए यात्रियों का कोटा 91 निर्धारित है। ग्रामीण क्षेत्रों से 75 प्रतिशत एवं नगरीय क्षेत्रों से 25 प्रतिशत यात्रियों को श्रीराम लला दर्शन कराया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नगर निगम आयुक्त एवं जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगर पालिका व नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को श्रीराम लला दर्शन के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदकों की सूची समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव को 10 जुलाई तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुरिया से 17-17 एवं नगर पालिक निगम राजनांदगांव से 8 तथा नगर पालिका डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया से 5-5 यात्रियों को श्रीराम लला दर्शन (आयोध्या धाम) के लिए भेजा जाएगा।

पंचायतों में मोबाइल कैंप शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

छत्तीसगढ़ शासन के घोषणा के अनुरूप श्रमिकों के समस्याओं का समाधान करने हेतु जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत आने वाले विकासखंडों के ग्राम पंचायतों में मोबाइल कैंप शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

मोबाइल कैंप के माध्यम से शासन द्वारा श्रमिक वर्ग हेतु संचालित श्रमिक पंजीयन/नवीनीकरण/संशोधन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। निर्माण श्रमिकों/असंगठित कर्मकारों का पात्रतानुसार पंजीयन हेतु ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मोबाइल कैंप में आवेदनों तथा पंजीयनों में आ रही समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा। पंजीयन/योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन जिलें के समस्त विकासखंडों के जनपद पंचायतों में संचालित श्रम कल्याण केंद्र, मोबाइल एप (श्रमेव जयते एप)/नजदीकी लोक सेवा केंद्र व इंटरनेट कैफे के माध्यम से कराया जा सकता है। श्रमिक पंजीयन/योजनाओं की अधिक जानकारी के लिए मुख्यमंत्री सहायता केंद्र के हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर-0771-3505050 पर संपर्क कर सकते हैं, जहां से श्रमिक पंजीयन एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं।

गांवों में कैम्प आज से

जिले में मोबाइल कैंप शिविर के तहत अं.चौकी विकासखंड में 9 जुलाई को मांगाटोला, 11 को मोंगरा, 12 को केकतीटोला, 16 को सोनसायटोला, 17 को बिहरीकला, 18 को हांडीटोला, 23 को सांगली, 24 को मुरेटीकला, 26 जुलाई को पांगरी में, मोहला विखं में 9 जुलाई को मोहला, 11 को रेंगाकठेरा, 12 को विजयपुर, 16 को चांपाटोला, 17 को रानाटोला, 18 को आलकन्हार, 23 को सोमाटोला, 24 को दनगढ़, 26 को पिडिंगपार, मानपुर विखं में 9 जुलाई को तोलुम, 11 को ढब्बा, 12 को कोराचा, 16 को कंदाडी, 17 को ख्वासफड़की, 18 परालझरी, 23 को ईरागांव, 24 को नेडगांव एवं 26 जुलाई को भावसा में आयोजित किया जाएगा।

वृक्षों की सुरक्षा के लिए महापौर ने दिलाई शपथ

एमएलबी स्कूल में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के निर्देश पर भारत राज्य स्काउट गाइड्स जिला इकाई द्वारा बीते दिनों महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में महापौर हेमा सुदेश देशमुख के मुख्य आतिथ्य एवं स्काउट गाइड्स के राज्य उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोलछा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर स्काउट गाइड्स के जिला संगठन आयुक्त मयूख श्रीवास्तव, जिला सचिव देवेन्द्र अम्बानी, आजीवन सदस्य संतोष खंडेलवाल व महेश खंडेलवाल विशेष अतिथि के रूप में शामिल थे।

कार्यक्रम में महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। आज के इस आधुनिक युग में बड़े-बड़े उद्योग एवं इमारत व अन्य सुविधा के लिए वृक्षों की कटाई तो की जाती है, लेकिन उस अनुपात में वृक्ष लगाए नहीं जाते। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ इसकी सुरक्षा भी अत्यंत आवश्यक है, जिस प्रकार से आप बच्चों का पालन-पोषण किया जाता है, उसी प्रकार से पौधों की भी देखरेख करने से वह वृक्ष का रूप लेगा।

वृक्ष के बिना जीवन संभव नहीं

उपाध्यक्ष श्री गोलछा ने कहा कि वृक्ष के बिना जीवन संभव नहीं है। वृक्ष हमें छाया एवं शुद्ध वातावरण के साथ-साथ हमारे भरण-पोषण के लिए भी सहायक होते हैं। फलदार वृक्ष हमें स्वास्थ्यवर्धक विभिन्न फल देते हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको पौधों को अपने दोस्त की तरह रखना है, तभी ये पौधे बड़े होकर हमारी सहायता करेंगे। कार्यक्रम में अतिथियों ने विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए। वहीं महापौर श्रीमती देशमुख ने स्काउट गाइड्स के क्रेडेटों को पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प दिलाया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य एवं संचालन सरोज सिंह ने किया। इस अवसर पर महरानी लक्ष्मीबाई स्कूल सहित सर्वेश्वर दास स्कूल, बल्देवप्रसाद मिश्र स्कूल, ठा.प्यारेलाल स्कूल, शंकरपुर स्कूल, कन्हारपुरी स्कूल, पदुमलाल पुन्नालाल बक्सी स्कूल, भानपुरी व सुरगी स्कूल के स्काउट गाइड्स के कैडेट बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कौशल विकास पर जोर

कई आयामों व पाठ्यक्रम को समझाने कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सुचारू रूप से संचालित करने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के सभी शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों के प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों एवं पाठ्यक्रम को समझाने प्रत्येक जिले में मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है।

इसी क्रम में राजनांदगांव जिले के मास्टर ट्रेनर द्वारा शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के नेतृत्व में विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 से 6 जुलाई तक आयोजित किया गया। 5 जुलाई को दिग्विजय कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू किया जा रहा है। इस शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होगा। जिसमें विद्यार्थी मूल्यपरक, रोजगारमूलक तथा कौशलयुक्त होकर समाज एवं राष्ट्र के लिए उपयोगी होगा।

शंकाओं का किया समाधान

मास्टर ट्रेनर डॉ. हेमन्त साव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न बिन्दुओं को पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक समझाया तथा प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों के प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान किया। मास्टर ट्रेनर डॉ. ओपी गुप्ता, डॉ. हेमंत साव, डॉ. एनएन माखीजा, डॉ. चेतन साहू, डॉ. आरआर कोचे विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में जाकर इसके महत्व एवं उपयोगिता समझाकर एनईपी-2020 क्रियान्वयन करने पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दे रहे हैं। दिग्विजय कॉलेज के एनईपी क्रियान्वयन प्रकोष्ठ एवं स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

परिसीमन कार्रवाई नियमानुसार संभव नहीं

राजनांदगांव। आम निर्वाचन 2024-25 वार्डों के हो रहे परिसीमन को लेकर निगम के वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि नीतिगत परिसीमन संभव नहीं। जिसको लेकर सचिव छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, नगरीय प्रशासन तथा विकास मंत्रालय, संचालक नगरीय प्रशासन विकास छत्तीसगढ़, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, नगर निगम निगम आयुक्त एवं एसडीएम को पत्र लिखकर आपत्ति जताई है।

वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 10 (4) के तहत जैसे ही किसी नगर पालिक क्षेत्र के वार्डों की रचनापूर्ण हो जाती है, राज्य सरकार द्वारा उसकी रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को दी जाती है, परंतु किसी भी नगर पालिक निगम के कार्यकाल की पूर्णता के छह माह पूर्व क्षेत्र के सम्मिलित किए जाने या हटाए जाने अथवा वार्डों के सुधार की प्रक्रिया अनिर्वायत पूर्ण कर ली जाए अन्यथा राज्य निर्वाचन आयोग पूर्व निर्धारित एवं प्रचलित परिसीमन के आधार पर निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ करता है। नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 10 (4) में वर्णित समय-सीमा निगम कार्यकाल 05 वर्ष होने के छह माह पूर्व परिसीमन की कार्रवाई अनिर्वायतः पूर्ण की जानी थी। जबकि कार्यकाल 9 जनवरी 2025 को पूर्ण हो रहा है। अतः परिसीमन की कार्रवाई नियमानुसार माह जून 2024 तक पूर्ण हो जाना था, किन्तु समय सीमा में परिसीमन की कार्रवाई पूर्ण नहीं हुई है।

विरोधाभास के हालात

वरिष्ठ पार्षद श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि नियमानुसार नगर पालिक निगम अधिनियम 10 (4) के तहत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित एवं प्रचलित परिसीमन के आधार पर निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। संचालनालय के आदेश के अवलोकन से स्पष्ट है कि आदेश में 2011 की जनगणना को आधार मानना है और पत्र क्र. 2032 समस्त कलेक्टर छग को दिए गए निर्देश में 2011 के जनगणना के पश्चात नगरीय निकाय जनसंख्या में हुई वृद्धि को दृष्टिगत रखते परिसीमन किया जाना है, दोनों पत्रों में विरोधाभास है। अतः परिसीमन की कार्रवाई को निरस्त किया जाए।

सार समाचार

नई रेल लाइन में नांदगांव की उपेक्षा : जैन

राजनांदगांव। रेल मंत्रालय द्वारा कटघोरा से प्रस्तावित नई रेल लाइन की योजना में राजनांदगांव की उपेक्षा से नगर में व्याप्त घोर निराशा एवं रेल मंत्रालय की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के संबंध में विचार करने बागेश्वरधाम सभा भवन में श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति द्वारा समाजसेवी सूर्यकांत चितलांग्या की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन ने राजनांदगांव में सभी सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज देने तथा राजनांदगांव को जबलपुर से जोड़ने हेतु नई रेल लाइन बनाने विगत 25 वर्षों से पत्र लेखक मंच, समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई रेल लाइन पहले उसलापुर से शुरू किया जाना था, उसमें भी राजनांदगांव को शामिल नहीं किया गया। संशोधित प्रस्ताव कटघोरा से नई रेल लाइन चालू करने का है, उसमें भी राजनांदगांव की उपेक्षा की गई है। उन्होंने कटघोरा से प्रस्तावित नई लाइन को कवर्धा, खैरागढ़ से राजनांदगांव होते हुए दल्लीराजहरा को जोड़ने के संबंध में बैठक में गणमान्य लोगों के विचार एवं सुझाव आमंत्रित किए। बैठक में राजेश डागा, डॉ. नरेंद्र नाहटा, विनोद डढ्ढा, सौरभ खंडेलवाल, पंकज गुप्ता, गिरीश ठक्कर, राजा माखीजा, गुरमुख वाधवा, सोहन गुप्ता, दीपक गुप्ता, रामावतार जोशी ने सुझाव दिया। वक्ताओं के अतिरिक्त हरजीत भाटिया, विजय हरिहारनो, कचरू प्रसाद शर्मा, हरिशंकर झार राय, मनीष यादव, नितिन मंगवानी, विलास नारायण, अमित खंडेलवाल, एसके तिवारी आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अमलेंदु हाजरा ने किया।

अस्पताल में डॉक्टर नहीं, युवक की इलाज के अभाव में मौत

- परिजनों ने मचाया हंगामा
- मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया का

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया में डॉक्टर नहीं होने से ईलाज के अभाव में घायल युवक की मौत हो गई। जिससे आक्रोशित होकर मृतक के परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और अस्पताल प्रबंधक के खिलाफ नाराजगी जताते उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत की। देर रात तक अस्पताल में गहमा-गहमी मची रही। परिजनों को डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद मामला शांत हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक गैंदलाल साहू पिता भग्गूलाल साहू 38 वर्ष निवासी आटरा अपने एक साथी टिनू शांडिल्य के साथ बीती रात अपनी मोटर साइकिल पर अपनी लड़की के जन्मदिन के लिए केक लेने गांव से निकला था कि इस दौरान सड़क के बीचों-बीच जंगली सूअर से मोटर साइकिल की भिंड़त हो गई, जहां जंगली सूअर ने घायल युवक पर पलटवार कर दिया। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोंटे आई। राहगीरों के हंगामे के बाद जंगली सूअर जंगल की तरफ भाग गया। घायल युवक को उसके परिजनों ने 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया में उपचार के लिए लाए, जहां अस्पताल में ड्यूटी में डॉक्टर नदारद थे, जिसे देख परिजन भड़क उठे और इसकी खबर भाजपा महामंत्री संजय सिन्हा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष कान्ता साहू, टीकम साहू, टुम्मन साहू को दी। जिसकी शिकायत भाजपाईयों ने जिला कलेक्टर से लेकर स्वास्थ्य अमला के उच्चाधिकारियों से की, तब जाकर प्रशासन हरकत में आया, लेकिन तब तक देर हो चुका था और ईलाज के अभाव में युवक की मौत हो गई थी। जिससे गुस्साए परिजनों ने इसका आरोप डॉक्टर पर लगाते उन पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते भाजपा नेताओं के साथ अस्पताल परिसर के गेट के समीप धरने पर बैठ गए । परिजनों ने डॉक्टर के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जहां जांच कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद ही परिजनों का गुस्सा शांत हुआ। दूसरे दिन मृतक युवक का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया, जहां गमगीन माहौल में मृतक युवक का दाहसंस्कार गृह ग्राम आटरा में किया गया।

शिकायत के बाद अस्पताल पहुंचे एसडीएम

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर की लापरवाही से ईलाज के अभाव में युवक की मौत के बाद दूसरे दिन एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम छुरिया अस्पताल पहुंचे, जहां परिजनों के अलावा भाजपा नेताओं ने भी अस्पताल में अव्यवस्था को लेकर उनसे शिकायत की, जिस पर एसडीएम मरकाम ने तहसीलदार विजय कोठारी को इस मामले की जांच करने निर्देशित किया। तहसीलदार कोठारी ने परिजनों के अलावा अस्पताल में ड्यूटी पर उपस्थित नर्स एवं स्वास्थ्य कर्मियों से कलमबद्ध बयान दर्ज किया है।

सीएमएचओ ने दिलाया जांच का भरोसा

मृतक गैंदलाल की मौत को लेकर परिजनों के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रिका प्रसाद डड़सेना एवं भाजपा पदाधिकारियों ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी नेतराम नवरतन को अस्पताल में मरीजों के साथ दुर्व्यवहार एवं ईलाज में लापरवाही को लेकर उनके समक्ष नाराजगी जाहिर की। उन्होंने भाजपा नेताओं को आश्वस्त करते पूरे मामले की जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

पृष्ठ 09 का शेष

आबकारी विभाग की...

बार-बार परेशान कर रहा है। शराब दुकानों का निरीक्षण करने पर अपमानजनक शब्दों का उपयोग कर रहा है। कार्यालय में अधिकारी के नाम पर बुलाता है। अफसर के नाम पर धमकाकर तबादला करने की बात करता है। शराब दुकानों और शहर के बार में निरीक्षण के लिए पाबंदी लगा रखी है। कार्यालय में शासकीय कार्य में खुलेआम बाधा पहुंचा रहा है। महिलाओं के पहनावे पर भी टिप्पणी कर रहा है। कई अवसर इस तरह भी आए हैं, जब अमित मिश्रा ने वर्दी पहनकर आने की बात करता रहा है। इस तरह से महिला अधिकारियों की गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंचाई है।

प्रशासन के कुंभकरणीय नींद से शासकीय भूमि पर अतिक्रमण

जांच में गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद भी दोषियों पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी गांव में सरकारी जमीन की खरीदी-बिक्री की शिकायत के सात महीने बीत जाने के बाद भी दोषियों के खिलाफ प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है। प्रशासन के इस रवैये से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है और आगामी दिनों में ग्रामीण इस मामले में उग्र आंदोलन की तैयारी में हैं।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सोमनी द्वारा 28 नवंबर 2023 को कलेक्टर राजनांदगांव के समक्ष आबादी शासकीय भूमि की कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर खरीदी-बिक्री पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की शिकायत की गई थी। आज सात माह बाद भी खरीदी-बिक्री करने वालों पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह एक बड़ा सवाल है कि आखिर प्रशासन किसके दबाव में हैं। इस प्रकरण पर डोंगरगांव विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा क्षेत्र एवं विकास प्राधिकरण दलेश्वर साहू ने भी विधानसभा में प्रश्न लगाया था। जिसमें प्रशासन ने उन्हें गोलमाल जानकारी प्रदान कर कार्रवाई प्रगतिरत होना बताया गया, लेकिन कार्रवाई अभी तक शून्य है। इसकी शिकायत वर्तमान सांसद संतोष पांडे से भी की गई थी। सांसद ने तात्कालिक कलेक्टर से टेलिफोनिक चर्चा कर एवं पत्र भेजकर कार्रवाई के लिए लिखित निर्देश दिया था। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के भी निर्देशों का पालन नहीं किया गया। इससे पता चलता है कि जमीन की खरीदी-बिक्री करने वालों के हौसले कितने बुलंद हैं। स्थानीय प्रशासन कितना लाचार नजर आता है। इस प्रकरण में फरवरी 2024 में ही तहसीलदार मनीष वर्मा द्वारा प्रतिवेदन अनुविभागीय दंडाधिकारी राजनांदगांव को प्रस्तुत कर दिया गया। आवेदकों द्वारा बार-बार निवेदन करने पर भी आश्वासन ही दिया जा रहा है। भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद राजस्व प्रकरणों के निपटारे पर जोर दिया गया है। कई आदेश भी जारी हुए, लेकिन आम नागरिकों से लेकर संवैधानिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को भटकना पड़ रहा है।

सिर्फ पटवारी के खिलाफ कार्रवाई कर खानापूर्ति

फर्जी जमीन रजिस्ट्री के मामले में दोषियों को बचाने का प्रयास!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी स्थित सरकारी स्कूल की जमीन की फर्जी रजिस्ट्री के मामले में जांच की रफ्तार धीमी होने के साथ ही इसमें शामिल दोषियों को बचाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रकरण में 190/7 खसरा की जमीन मौके पर नहीं और इसी खसरे के आधार पर चार से पांच टुकड़ों में अलग-अलग लोगों को जमीन बेचा गया। प्रारंभिक जांच में इस बात की स्पष्ट पुष्टि होने के बावजूद इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की रखी है। सिर्फ पटवारी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई कर महज खानापूर्ति की गई है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

उल्लेखनीय है कि सरकारी जमीन की फर्जी तरीके से

फर्जी जमीन डीडिट्री मामले में लापरवाही पटवारी निलंबित

चार-पांच अलग-अलग लोगों के नाम से रजिस्ट्री करने के मामले का खुलासा होने के बाद ग्राम पंचायत पूर्व ग्रामीणों ने इसकी शिकायत प्रशासन से की थी। राजनांदगांव शहर सहित कई धनाढ्य लोग इस जमीन के खरीदी-बिक्री में शामिल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में फोरलेन निर्माण के तहत खसरा नंबर 190/7 की जमीन निकल गई थी। इसी खसरे नंबर की जमीन का फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करने का मामला उजागर हुआ है। प्रारंभिक जांच में पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिससे ग्रामीण असंतुष्ट हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इसमें खरीदी-बिक्री करने वाले और दलालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होना चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की खरीदी-बिक्री पर रोक लग सके।

करोड़पतियों का दानपत्र से जमीन बिक्री

सरकारी जमीन की दानपत्र के माध्यम से भी बिक्री का मामला उजागर हुआ है। बताया जाता है कि करोड़पतियों द्वारा कथनामा दानपत्र भी बनवाया गया है। जांच में उसी तरह मिलने के बाद प्रशासन द्वारा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है।

सभी साक्ष्य के बाद भी कार्रवाई नहीं

सोमनी के ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने संबंधित जमीन के रजिस्ट्री के कागजात सहित सभी दस्तावेज सौंपा गया है। इसके बावजूद प्रशासन उसी तरीके से जांच पड़ताल कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने से बच रहा है।

सिर्फ खानापूर्ति

तहसीलदार ने अपनी रिपोर्ट में रिक्त पड़ी भूमि के पट्टों को निरस्त कर पंचयात को हैंडओवर करने की बात कही है। शासकीय भूमि की खरीद फरोख्त करने वालों पर एफआईआर भी नहीं की गई। वे खुलेआम घूम रहे हैं। पटवारी को सस्पेंड कर पूरे प्रकरण को दबा दिया गया।

सोमनी में अतिक्रमण की बाढ़

सोमनी में आए दिन लोग शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर रहे, फिर उसे अन्य व्यक्ति को बेच दे रहे हैं। सोमनी सिंचाई जलाशय की भूमि का बड़ा भाग अतिक्रमण की भेंट चढ़ गया है। सिंचाई विभाग में कई शिकायतें की गई है, लेकिन विभाग को कोई लेना देना नहीं है। इसी प्रकार राजगामी की भूमि का बड़ा भाग अतिक्रमणकारियों ने कब्जा लिया है। स्कूल की भूमि हो या बाजार की भूमि लोगों ने गौठान को भी नहीं छोड़ा है। यह सब ग्राम के छुटभैये नेताओं के संरक्षण में हो रहा है। अब देखना होगा कि आने वाले समय में प्रशासन कुंभकरणीय नींद से जागकर कब और क्या कार्रवाई करता है।

कार्रवाई होनी चाहिए

शासकीय भूमि की खरीदी-बिक्री में पंजीयक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। कूटरचित दस्तावेजों से पंजीकरण हुआ है तो पंजीयक की बड़ी जिम्मेदारी बनती है। इस पर जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए।

-**योगेन्द्र प्रताप सिंह,** संयोजक, भूमि बचाओ अभियान

आर्डर के लिए लगा हुआ है

इस मामले की जांच रिपोर्ट आ गई है, आर्डर के लिए लगा हुआ है।

- **अतुल विश्वकर्मा,** एसडीएम

भवन निर्माण में गुणवत्ताहीन सामग्री लगाने को लेकर सरपंच की शिकायत

राजनांदगांव। जिले के बैगाटोला पंचायत के लोगों ने गांव में निर्माणाधीन कर्मा भवन में गुणवत्ताहीन सामग्री लगाए जाने की शिकायत जनपद सीईओ को ज्ञापन के माध्यम से की है। समाज के लोगों ने अपनी शिकायत में सरपंच द्वारा गुणवत्ताहीन सामग्री भवन निर्माण में लगाए जाने का आरोप लगाया है।

सोमनी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैगाटोला में साहू समाज के कर्मा भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। समाज के लोगों का आरोप है कि सरपंच द्वारा इस निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। समाज के लोगों ने इस निर्माण कार्य पर रोक लगाते निर्माण सामग्री की जांच की मांग को लेकर जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपा है और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराए जाने की मांग रखी है।

आठ लाख की लागत से बन रहा भवन

समाज के लोगों ने बताया कि साहू समाज की मांग पर भवन निर्माण के लिए 8 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी। जिसके निर्माण का कार्य सरपंच अपनी देखरेख में करा रहे हैं। ऐसे में इस भवन में गुणवत्ताहीन सामग्री को लेकर शिकायत करने के बाद भी उनकी नहीं सुनी गई। अब समाज के लोगों ने इस निर्माण कार्य की जांच को लेकर मोर्चा खोल दिया है और शिकायत की प्रतिलिपि कलेक्टोरेट को भी सौंपी है। गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य को लेकर समाज के लोगों में रोष है।

स्थापना दिवस पर गोष्ठी व सभा करने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला भारतीय मजदूर संघ के कार्य समिति की बैठक गत दिनों दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर महावीर चौक में संपन्न हुई। इस वर्ष भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस पर गोष्ठी व सभा करने का निर्णय लिया गया। उक्त जानकारी देते भारतीय मजदूर संघ के नरेश साहू ने बताया कि बैठक के प्रारंभ में पिछले बैठक में हुई कार्रवाई का विवरण दिया गया तथा बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई।

बैठक में भामसं के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा ने असंगठित क्षेत्र में कार्य विस्तार पर जोर देते कहा कि देश की आबादी का लगभग चालीस प्रतिशत हिस्सा असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का है, जहां उनका बेहद शोषण हो रहा है। ऐसे श्रमिकों को न तो उन्हें न्यूनतम वेतन मिलता और न ही उन्हें भविष्य निधि या चिकित्सा बीमा की सुविधा है। सामाजिक सुरक्षा की भी कोई व्यवस्था नहीं है। जिससे असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूर परेशान हैं, इससे उन्हें निजात दिलाने यह जरूरी है कि भामसं के कार्यकर्ता असंगठित क्षेत्र में जाकर उनका संगठन तैयार करें, ताकि शोषण के विरूद्ध संघर्ष प्रारंभ हो सके। बैठक की अध्यक्षता भारती शर्मा ने किया।

बैठक में भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस 23 जुलाई पर सभा व गोष्ठी करने के निर्णय को सर्वसम्मत से पारित किया गया। बैठक में केशव सिन्हा, निर्मला साहू, धनेश्वरी साहू, जयप्रकश साहू, चंद्रशेखर साहू, दुकालूराम कौशिक, प्रतापचंद साहू, संतराम सिन्हा, मनीराम साहू, खेमचंद साहू, देवव्रत साहू, संतोष सिन्हा, घनश्याम साहू, दीपक साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन नरेश कुमार साहू ने किया।

श्रमिकों की सहायता के लिए श्रम संसाधन केन्द्र संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी कार्यालय राजनांदगांव के माध्यम से जिले के सभी विकासखंडों के जनपद पंचायतों में श्रम संसाधन केन्द्र संचालित है।

इन श्रम संसाधन केन्द्रों के माध्यम से श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण, संशोधन एवं श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने आवेदन कराया जा रहा है। इसके साथ ही केन्द्र के माध्यम से आवेदनों तथा पंजीयन में आ रही समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। राजनांदगांव विकासखंड में श्रमिक प्रतिक्षालय भदौरिया चौक ममता नगर में श्रम संसाधन केन्द्र संचालित है, जहां श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का पंजीयन एवं योजना का लाभ लेने आवेदन तथा योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

बाल वाटिका के गुणवत्ताहीन निर्माण की जांच की शिकायत

राजनांदगांव। डोंगरगांव जनपद सभापति चंद्रिका रोहित सोनकर ने ग्राम अमलीडीह में पीएमश्री योजना के तहत निर्माणाधीन बाल वाटिका के गुणवत्ताहीन निर्माण की शिकायत कलेक्टर से की है। श्रीमती सोनकर ने कहा कि केंद्र की महत्वकांक्षी योजना का बंटाधार किया जा रहा है। इस निर्माण में स्टीमेट अनुसार कार्य नहीं किए जाने पर कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह निर्माण प्रभारी सरपंच रोशन साहू द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों में भी इस गुणवत्ताहीन कार्य को लेकर गहरी नाराजगी है। जनपद सभापति ने आरोप लगाया है कि ग्राम अमलीडीह में 8.07 लाख की लागत से बनाए जा रहे बाल वाटिका के निर्माण में गंभीर अनियमितता बरती जा रही है। यहां स्टीमेट के अनुसार पटाव के लिए मुरुम की जगह मिट्टी का इस्तेमाल हो रहा है। प्लींथ बीम में सरिया का उपयोग कम करने काफी दूरी रखी जा रही है, जो अनुचित है और इससे निर्माण कमजोर होगा। कॉलम जाली में भी सही कार्य नहीं किया जा रहा है। श्रीमती सोनकर ने स्टीमेट के विरुद्ध किए जा रहे निर्माण को तत्काल रोककर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि नौनिहालों के लिए केंद्र की योजना से स्वीकृत राशि का ऐसा दुरुपयोग किया जाना बड़ा अपराध है। उन्होंने इस पर कलेक्टर से संज्ञान लेने की मांग की है।

ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

रिवर्स होते ट्रक की चपेट में आया युवक, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रिवर्स हो रहे ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना की खबर होने पर ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। देर शाम तक पुलिस प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाईश देती रही।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झींका रोड में आज दोपहर एक ट्रक रिर्वस हो रही थी। इसी दौरान यहां स्थित होटल के लिए साइकिल से 17 वर्षीय युवक पानी ला रहा था, जो ट्रक की चपेट में आ गया। बताया गया कि इस घटना में युवक की मौत हो गई। आज हुए इस घटना की खबर जैसे ही आसपास के ग्रामीणों को मिली, ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते मुआवजे की मांग को लेकर स्टेट हाईवे सुखरी में चक्काजाम कर दिया।

ग्रामीणों को समझाईश

इस घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और ग्रामीणों को समझाईश देने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हो रहे थे। देर शाम तक पुलिस ग्रामीणों को समझाईश देने जुटी रही। इधर चक्काजाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई थी, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था।

विद्युत दरों में वृद्धि को लेकर किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

विद्युत दरों में बेतहाशा वृद्धि और अघोषित बिजली कटौती के विरोध मे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण ने सोमनी बिजली ऑफिस का घेराव किया। किसान और आम जनता की परेशानियों को दूर करने विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त एवं बिजली बिल में बढ़ी हुई दर को कम करने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मजदूर, किसान व आम जनता की परेशानी दूर न होने पर एवं बिजली व्यवस्था के दुरुस्त न होने पर उग्र आंदोलन की बात कही गई।

इस दौरान जिला महामंत्री गोवर्धन देशमुख, जिला कोषाध्यक्ष अंगेश्वर देशमुख, मंडी सदस्य मारकंडे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, जनपद पंचायत सभापति टेकूराम साहू, सरपंच लोकेश गंगवीर, सरपंच प्रतिनिधि लेखू टंडन, शंकर देशलहरे, सोमनाथ निषाद, सीताराम पाल, उमर सिंह ठाकुर, रेखलाल साहू, भारत सिन्हा, शिवकुमार साहू, ज्ञानदास साहू, धर्मेंद्र साहू, विजय साहू, कोमल साहू, शिवप्रसाद साहू, डेहर साहू, ओम मारकंडे, राजेश यादव, चुम्मन निषाद, हेमशंकर साहू, मानसिंह साहू, चुम्मन साहू, शशि निषाद, लतैल धनकर, शांतनु साहू, पुनीत पाल, कार्यकर्तागण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

दरों में बढ़ोत्तरी व बिजली कटौती के खिलाफ धरना

कांग्रेस ने बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विद्युत दरों में बढ़ोत्तरी और अघोषित बिजली कटौती के मामले को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस कमेटी द्वारा विद्युत मंडल के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। राजनांदगांव शहर के कैलाश नगर स्थित बिजली ऑफिस के सामने कांग्रेसियों ने पंडाल लगाकर धरना प्रदर्शन करते बढ़ी विद्युत दरों के लिए प्रदेश सरकार को जनता को लूटने वाली सरकार बताया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राजनांदगांव शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विद्युत मंडल के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में शामिल होते हुए कांग्रेसजनों ने विद्युत दरों में बढ़ोत्तरी और अघोषित बिजली कटौती को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार को जमकर घेरा। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पाटिल ने कहा कि प्रदेश में सरप्लस बिजली होने के बाद भी लगातार बिजली कटौती की जा रही है। महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता का अधिकार छीन रही है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार में बिजली की समस्या से जनता त्रस्त है। बिजली दरों को बढ़ाकर जनता को सरकार लूट रही है। उन्होंने कहा कि हम जनता के मुद्दे पर जनता के साथ हैं और आंदोलन के लिए तैयार हैं।

बिजली बिल लेकर पहुंची महिलाएं

प्रदेश में 1 जून से घरेलू बिजली दरों में प्रति यूनिट 20 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। वहीं कुल 8.35 प्रतिशत विद्युत दर में बढ़ोत्तरी हुई है। कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में महिलाएं बढ़ी हुई बिजली बिल लेकर पहुंची थी। इस दौरान महिलाओं ने भी कहा कि पहले से लगभग डेढ़ गुना अधिक बिजली बिल आ रहा है। इस दौरान धरना प्रदर्शन को कांग्रेस के विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित करते प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया है और बिजली की बढ़ी दरों को वापस लेने की मांग की है। वहीं अघोषित विद्युत कटौती पर रोक नहीं लगने पर उग्र आंदोलन को लेकर चेतावनी दी है।

निधन

प्रकाश श्रीवास्तव

राजनांदगांव। ब्राह्मणपारा निवासी प्रकाश श्रीवास्तव 60 वर्ष का आज सुबह हृदयघात से निधन हो गया। उनकी अंत्येष्ठि लखोली स्थित मुक्तिधाम में की गई। जिसमें सामाजिक सदस्यों सहित बड़ी संख्या में चिर-परिचित व गणमान्यजन शामिल हुए। तत्पश्चात दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

बरसाती पैरा फुटू खाने से 6 बीमार, स्थिति खतरे से बाहर

खैरागढ़। सहसपुर दल्ली में बरसाती फुटू खाने से आधा दर्जन से आसपास लोगो को उल्टी के चलते सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है जहा उनका इलाज जारी है।

जानकारी अनुसार घुमका ऊपतहसील अंतर्गत आने वाले सहसपुर दल्ली गांव के साहू परिवार ने दोपहर के भोजन में बरसाती फुटू की सब्जी खाई जिसके दो घंटे के बाद लगभग सभी को उल्टी होना शुरू हो गया जो रुकने का नाम नहीं ले रहा था। घबराए परिजन सभी को लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे जहा सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। बीएमओ डॉ विवेक बिसेन ने बताया कि साहू परिवार के 6 सदस्यों अजय पिता देवलाल साहू 37 साल, सरस्वती पति हुमलाल साहू 33 साल, रेखा पति देवलाल साहू 50 साल, मैना बाई पति अजय साहू 35 साल, रुचि पिता खेमचंद 16 साल और ओकेश पिता देवलाल साहू 35 साल ने दोपहर के भोजन में पैरा पुटु का सेवन किया था।

खाने के एक दो घंटे बाद ही सभी को उल्टी होनी शुरू हो गईं। प्राथमिक उपचार बाद सभी की स्थिति सामान्य है। डॉ विवेक बिसेन ने बरसात के मौसम को देखते हुए आम लोगो से अपील की है कि खाने पीने की चीजों में सावधानी बरते ताकि स्वास्थ्य पर उसका विपरीत प्रभाव ना हो।

ग्राम खरहट्टा में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री नें की शिरकत

डिप्टी सीएम ने 11 लाख 48 हजार की लागत से निर्मित प्राथमिक शाला भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सोमवार को बोड़ला विकासखंड के ग्राम खरहट्टा में 11 लाख 48 हजार रुपए की लागत से निर्मित प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को नए भवन की बधाई एवं शुभाकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण करने के बाद शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नव-प्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पूजा-अर्चना, माला पहनाकर तथा उन्हें मिठाई खिलाकर स्वागत किया। उन्होंने स्कूली छात्र छात्राओ को गणवेश व पाठ्य पुस्तक वितरण किया। वहीं ग्रामवासियों ने ग्राम में संचालित स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए शैक्षणिक प्रबंधन के लिए सौगात मिलने पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का आभार व्यक्त किया।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार प्रदेश के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे इन विकास कार्यों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। सरकार का उद्देश्य है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले ताकि वे अपने जीवन में सफल हो सकें और राज्य का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि स्कूल के निर्माण से बच्चों को लाभ होगा। इससे उन्हें बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलेंगी और एक सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। इससे बच्चों की शैक्षिक प्रगति में वृद्धि होगी और वे अपने भविष्य के लिए बेहतर तैयारी कर सकेंगे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम ध्रुर्वे, संतोष पटेल, नितेश अग्रवाल, मनीराम साहू, बोड़ला एसडीएम श्रीमती गीता रायस्त, जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू सहित जनप्रतिनिधि, स्कूल की छात्र-छात्राएं व शिक्षक-शिक्षिका सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

शिक्षा एवं विकास पर ध्यान देना हमारा प्राथमिक कर्तव्य : शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ग्राम खरहट्टा में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री शर्मा कहा कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं और उनकी शिक्षा एवं विकास पर ध्यान देना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है और सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें प्रेरित किया कि वे अपनी पढ़ाई-लिखाई पूरी मेहनत और लगन से जुटें। उपमुख्यमंत्री ने शाला प्रवेश उत्सव पर कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जहां हम अपने बच्चों का स्वागत करते हैं और उन्हें शिक्षा के पथ पर अग्रसर करने के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही साथ बच्चों को अच्छी शिक्षा और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है ताकि वे देश के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

कोलेगांव में भगवान जगन्नाथ यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। भगवान जगन्नाथ यात्रा श्रीराम जानकी मंदिर से होते हुए मां महामाया, मां शीतला मंदिर, ब्राम्हण पारा व नगर भ्रमण किया गया। वहीं भक्तजनों द्वारा भव्य बाजे-गाजे के साथ नगर भ्रमण किया जिसमें ग्रामीणों द्वारा भगवान जगन्नाथ की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही साथ भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए ग्रामीणों व भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ी। ग्राम कोलेगांव के द्वारा ग्रामीण व भक्तजनों जिसमें दिनेश पांडेय, कुंवर साहू, कन्हैया साहू, ओमप्रकाश साहू, लालाराम साहू, पुजारी एवं समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों का विशेष योगदान रहा।

लोगों से मुलाकात कर डिप्टी सीएम ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि कवर्धा। उपमुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक विजय शर्मा ने कबीरधाम प्रवास के दौरान विधायक कार्यालय में क्षेत्र के विभिन्न लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने लोगों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को सुना तथा उनके निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और वे हर संभव प्रयास करेंगे कि लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के लिए वे हर समय उपलब्ध रहेंगे।

हाईस्कूल भगतपुर में उमंग के साथ मनाया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शासकीय हाई स्कूल भगतपुर सोमवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मां सरस्वती के तैलचित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शाला प्रवेश उत्सव पर नवप्रवेशी कक्षा 9वीं के छात्र छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण कर स्वागत अतिथियों द्वारा किया गया।

तत्पश्चात अतिथि द्वारा एक पेड़ मां के नाम लगाने एवं देखभाल करने शपथ व अतिथियों द्वारा शाला प्रांगण में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया, जिसमें शाला अनुशासन पालन करने पर जोर दिया गया।

इस दौरान जनपद सदस्य अमित चंद्रवंशी, सरपंच श्रीमती बुधन बाई धुर्वे, उप सरपंच गौतम साहू, पूर्व सरपंच रामफल चंद्रवंशी, पूर्व शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष लक्ष्मण चंद्रवंशी, सुरेश दुबे, सुरेश चंद्रवंशी, घनश्याम चंद्रवंशी, प्रधान पाठक शत्रुहन लांझी, प्रधान पाठिका श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी, श्रीमती शंकुतला यदु, संस्था के प्राचार्य रामकुमार कौशिक, व्याख्याता श्रीमती शकुन चंद्रवंशी, जोधन प्रसाद चंद्रवंशी प शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

जिले में उर्वरक खाद की पर्याप्त उपलब्धता, किसानों को ना हो कोई अनावश्यक परेशानी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राज्य-शासन द्वारा प्रदेश में खेती-किसानी के लिए किसानों की सुविधा और सहुलियतों के लिए सभी प्रकार के उर्वरकों का अतिरिक्त आबंटन व भण्डारण किया जा रहा है, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानियां ना हो। जिले में पिछले वर्ष की तुलना में सोमवार को लगभग साढ़े तीन हजार मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के उर्वरकों का आबंटन एवं सेवा सहकारी समितियों में भण्डारण किया जा चुका है।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सोमवार को समय-सीमा की बैठक में जिले में खेती-किसानी की प्रगति, वर्षा की स्थिति, बुआई की स्थिति, खेती-किसानी के लिए जिले में उपलब्ध खाद के आबंटन, भण्डारण और सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों के द्वारा किए जा रहे उर्वरकों के उठाव की जानकारी ली।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में राज्य शासन द्वारा उरर्वकों का आबंटन प्राप्त हो चुका है। उन्होने सीसीबी नोडल को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी सेवा सहकारी समितियों में उर्वरकों का भण्डारण कर लिया गया है, मांगों के अनुरूप किसानों से खाद का उठाव सुनिश्चित करें। बैठक में जिला विपणन अधिकारी ने बताया किया कि खेती-किसानी के लिए जिले में 40 हजार मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य रखा गया है। मांग के अनुपात में जिले में राज्य शासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में आबंटन मिल रहा है, अब तक जिले में सभी सेवा सहकारी समितियों में 40 हजार 800 मीट्रिक टन का भण्डारण कर लिया गया है, पिछले वर्ष सोमवार को 37186 मीट्रिक टन का भण्डारण कर गया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष लगभग साढे तीन हजार मीट्रिक टन का अधिक है। सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को उनके मांग के अनुसार अब तक 35 हजार 689 मीट्रिक टन का उठाव कराया जा चुका है। यहां बताया गया कि इसके अलावा जिले में 2348 मीट्रिक टन उर्वरक डबल लॉट में उपलब्ध है। सेवा सहकारी समितियो में यूरिया 423 मीट्रिक टन, सुपर फास्फेड 1187 मेटन, डीएपी 156 मेटन, एनपीके 90 मीट्रिक टन और पोटाश 492 मीट्रिक टन उपलब्ध है।

बैठक में जिला पंचायत सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर निर्भय साहू, एसडीएम अनुपम टोप्पो, संदीप ठाकुर, श्रीमती गीता रायस्त, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौड़ो, आलोक श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, श्रीमती लेखा अजगल्ले, सुश्री हर्षलता वर्मा, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक सहित जिला अधिकारी पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

शाला प्रवेशोत्सव व न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित

कवर्धा। पीएमश्री शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व हाई स्कूल जंगलपुर में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव व न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्राम पंचायत जंगलपुर के पालक व जनप्रतिनिधि सहित संकुल प्राचार्य, शाला प्राचार्य सहित शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राओं के उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव व न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र. - अ 2 वर्ष-2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संजय साहू पिता श्री मुकुंदमन जाति तेली निवासी ग्राम खण्डसरा, तहसील बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.) के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम खण्डसरा प.ह.नं. 10 तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं. 183/2 रकबा 0.202 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से औद्योगिक प्रयोजन (गुड़ उद्योग) हेतु व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/अपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथि 16/07/24 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/07/24 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 02.07.2024
पेशी दिनांक - 16.07.2024

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) बोड़ला

कार्यशाला में विद्यार्थियों को वित्तीय फ्राड से बचने का बताया गया उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया आईआईटी भिलाई, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी तथा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के निर्देशन एवं एनसीसी प्रभारी प्रो. गणेश नेताम, रासेयो प्रभारी डॉ. आशाराम साहू, प्रियांकी गजभिये, मन्नूलाल नायक, गौतम नेताम आदि के सहयोग से आयोजित कार्यशाला का समापन 6 जुलाई को हुआ।कार्यशाला के पहले दिन थाना प्रभारी उपेंद्र शाह ने साइबर सुरक्षा कानून, फेसबुक एवं अंजान लिंकों के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी के बारे में बताया। उन्होंने नए कानून के बारे में भी जानकारियां दी। सहायक प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार कुमेटी ने वित्तीय साक्षरता की पृष्ठभूमि पर अपनी बातें रखते हुए कार्यशाला के लाभ, उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसी कड़ी में डॉ. सुरेश पटेल ने वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान दिया। डेरहीन बाई मटियारा ने स्व सहायता समूह को सशक्त बनाने एवं बिहान के बारे में जानकारी दी । तीसरे दिन एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक रूपेश जैन राही ने बैंकिंग व्यवस्था, खाता खोलने, खाता के प्रकार, इंश्योरेंस , फ्रॉड से बचने आदि के बारे में जानकारी दी।

कन्या शाला में मां के नाम पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

रथयात्रा के अवसर पर वन विभाग तथा कन्या उच्चतर माध्यमिक विदयालय छुईखदान के तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि बीईओ श्री डडसेना थे। अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती मोजेश ने किया। इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी अशोक वैष्णव मौजूद थे। अतिथियों ने स्काऊट गाईड को प्रमाण पत्र वितरित किया। अतिथियों ने वृक्षारोपण की महत्ता पर प्रकाश डाला। अंत में प्राचार्य ने आभार प्रदर्शन किया गया। वन परिक्षेन अधिकारी ने निःशुल्क पौधा वितरण किया। विभाग के कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में छायादार, फलदार शोभाकारी पौधों का रोपण किया। इसी प्रकार बीईओ कार्यालय में भी वृक्षारोपण किया गया।

एक दिवासीय धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

लोहारा ब्लॉक के कांग्रेसियों ने अघोषित विद्युत कटौती और बिजली दरों में वृद्धि के विरोध में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी स.लोहारा द्वारा छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के द्वारा की गई बिजली दर में वृद्धि एवं अघोषित विद्युत कटौती को लेकर एक दिवासीय धरना प्रदर्शन किया गया एवं राज्यपाल के नाम से तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व कृषि मण्डी के उपाध्यक्ष चोवा साहू ने कहा कि जब से प्रदेश की सत्ता में भाजपा की सरकार बैठी है बिजली की काला बाजारी अचानक बढ़ गई है। आलम ये है कि किसानो और उपभोक्ताओं के हक की बिजली में अघोषित कटौती कर बाहर बेंची जा रही है वहीं अब तो शासन ने बिजली की दरों में भी वृद्धि कर दी है जो उपभोक्ताओं व किसानो पर दोहरी मार है। श्री साहू ने शासन से जल्द से जल्द विद्युत व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने एवं बिजली की बढ़ी हुई दरों को वापस लिए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रामचरण पटेल, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष चोवा राम साहू, जगमोहन साहू प्रदेश सचिव, शरद बंगाली, सुरेश पटेल युवा कांग्रेस अध्यक्ष, अंजू पटेल, चंद्रशेखर नागराज, ईश्वरी साहू, राजू पुनचय, बाबूलाल पटेल, चेतन पाली, विजय ओगरे, गुलजारी धुर्वे, बशीर खान, रविंद्र साहू, नरेश साहू, खुमान साहू, धनेश्वर धुर्वे, थानसिंह धुर्वे, अनिल रजक और सेक्टर प्रभारी बूथ प्रभारी अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पाठक सूचना

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

हड़ताल: कवर्धा के कर्मचारी भवन में हड़ताली पटवारियों ने डाला डेरा

पटवारियों की बेमुद्दत हड़ताल शुरू, रखी 16 सूत्रीय मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिलेभर के पटवारियों ने प्रांतीय आव्हान पर अपनी 16 सूत्रीय मांगों को लेकर अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। जिला मुख्यालय कवर्धा की बात की जाए तो कवर्धा तहसील क्षेत्र के पटवारियों ने स्थानीय कर्मचारी भवन में अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए डेरा डाल दिया है। हड़ताल के पहले दिन बड़ी संख्या में यहां पटवारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अपनी लंबित मांगों व समस्याओं के लिए अपने अपनी आवाज बुलंद की। इस संबंध में संघ के जिलाध्यक्ष पालेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के पटवारी अपनी लंबित मांगों को लेकर वर्षो से संघर्ष करते आ रहे हैं और अपनी मांगों को लेकर शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंप रहे हैं लेकिन आज पर्यंत उनकी मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे पटवारियों में भारी असंतोष व नाराजगी व्याप्त है। शासन की इसी उपेक्षा को देखते हुए अब पटवारियों ने 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। संघ के जिलाध्यक्ष ने बताया कि पटवारियों को ऑनलाईन कार्य करने के लिए आज पर्यंत किसी प्रकार की सुविधा कम्प्यूटर, लैपटाप, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट आदि उपलब्ध नहीं कराई गई है। पटवारी अपने संसाधन से ऑनलाईन का कार्य करते हैं जो कि पटवारियों पर अतिरिक्त व्यय भार है। अतः पटवारियों को आवश्यक संसाधन एवं नेट भत्ता उपलब्ध कराया जाए। उन्होने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी राजस्व सचिव एवं संचालक भू अभिलेख को ज्ञापन दिया गया था जिसका आज पर्यन्त तक निराकरण नहीं किया गया है जिससे प्रदेश के सभी पटवारी निराश एवं हताश है। संघ के जिलाध्यक्ष ने बताया कि संघ ने ऐसी ही 16 सूत्रीय मांगे शासन के समक्ष रखी है और चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

लंबित मांगे पूरी नहीं होने से असंतोष

हड़ताल में बैठे पटवारियों ने असंतोष प्रकट करते हुए कहा कि वे जिन मांगों को लेकर आज अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने बाध्य हुए हैं उन मांगों को वे वर्षो से शासन प्रशासन के समक्ष रखते आए हैं। इन मांगों को लेकर कई बार पूर्व में भी धरना प्रदर्शन व ज्ञापन सौंपा जा चुका है लेकिन उनकी मांगों पर कभी भी गंभीरता नहीं दिखाई गई। जिसके कारण आज संघ को अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने बाध्य होना पड़ा। संघ ने पुनः दोहराया है कि मांगे पूरी नहीं होने तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का अतिरिक्त कक्ष लोकार्पित

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बच्चों के साथ काटा फीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान बोड़ला में 48 लाख 42 हजार की लागत से निर्मित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के लिए 6 अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के साथ विद्यालय की छात्राओं ने खुद अपने हाथों से इस नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। छात्राओं ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा को प्रतीक चिन्ह भी भेंट की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम ध्रुव, संतोष पटेल, नितेश अग्रवाल, मनिराम साहू सहित जनप्रतिनिधि, स्कूल की बेटियां, शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के माध्यम से क्षेत्र की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय एक सुरक्षित और समर्पित वातावरण प्रदान करेगा, जिससे छात्राएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकेंगी। श्री शर्मा ने कहा, यह विद्यालय उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर प्रदान करेगा और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा। उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और नवाचार के लिए प्रतिबद्ध है, और इस विद्यालय का लोकार्पण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय न केवल शिक्षा प्रदान करेगा बल्कि बालिकाओं के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

बच्चों को मिलेगी बेहतर सुविधा

माना जा रहा है कि बोड़ला के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के लिए 6 अतिरिक्त कक्षों के लोकार्पण पश्चात बच्चों को अब बेहतर सुविधा मिल पाएगी और वे सुविधा पूर्ण ढंग से बैठकर अपनी पढ़ाई लिखाई कर पाएंगे। इस उपलब्ध पर स्कूली बालिकाओं, स्कूल प्रशासन और ग्रामीणों ने प्रशन्नता व्यक्त की है।

खबर संक्षेप

एकलव्य विद्यालय में चयनित दुर्गेश सम्मानित

कोदवागोड़ान। समीपस्थ ग्राम छीरपानी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के छात्र दुर्गेश कुमार का एकलव्य विद्यालय में चयन होने पर आज शाला परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक श्यामलाल प्रजापति, एवं शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष होरीलाल साहू सहित समस्त शिक्षकों के द्वारा छात्र दुर्गेश कुमार का तिलक लगाकर एवं समृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया और शुभाशीषों के साथ उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। शिक्षकों ने इसे अपने विद्यालय की गौरवशाली उपलब्धि मानते हुए खुशी जाहिर की है।

उप मुख्यमंत्री ने किया स्कूल में पौध रोपण

कवर्धा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज बोड़ला में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के लिए अतिरिक्त कक्ष भवन और ग्राम खरहट्टा में प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण किया। वहां उन्होंने इस अवसर पर पौधे लगाए और लोगों को पौधरोपण एवं उसकी सुरक्षा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम ध्रुर्वे, संतोष पटेल, नितेश अग्रवाल, मनिराम साहू सहित स्कूल स्टाप व विद्यार्थी उपस्थित थे।

बिजली कटौती व दामों में वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरी राम साहू के नेतृत्व में सभी प्रकोष्ठ अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की जन विरोधी, किसान विरोधी नीतियों के विरुद्ध एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया।

जिला मुख्यालय कवर्धा के शहर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही बिजली के दामों में बढ़ोत्तरी जनता के ऊपर अत्याचार है।

उन्होने कहा कि एक तो भाजपा की प्रदेश सरकार किसानो और उपभोक्ताओं को सुचारू से बिजली आपूर्ति करा पाने में पूरी तरह से असमर्थ साबित हो रही है और बिजली के दामो में बढ़ोत्तरी कर सरकार लोगों के घाव में नमक छिड़कने का कार्य कर रही है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष होरी राम साहू ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा एक तरफ जहां भाजपा सरकार के नुमाइंदे सुशासन की दुहाई देते नहीं थक रहे है, वही बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी कर आम जनता पर आर्थिक बोझ डालना और प्रतिदिन अवैध अघोषित बिजली कटौती पर अंकुश न लगा पाना सरकार की विफलता को जग जाहिर कर रही है। कार्यक्रम को अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के बाद कांग्रेस ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय प्रशासन को सौंपा। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रभारी मोहन अवस्थी, ममता चंद्राकर, लालजी चंद्रवंशी, लाल बहादुर चंद्रवंशी, सीमा अगम अनंत, वर्षा रानी ठाकुर मोहित माहेश्वरी, महेन्द्र कुंभकार, एनएसयुआई अध्यक्ष शितेश चन्द्रवंशी , आकाश केशरवानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

गन्ने की रिकवरी पर भारतीय किसान संघ ने उठाए सवाल

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारतीय किसान संघ ने जिले के पंडरिया विकासखण्ड में संचालित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना में कारखाना प्रबंधन द्वारा पेराई सत्र 2023-24 में दर्ज गन्ने की रिकवरी पर सवाल उठाते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौंपा है और जांच की मांग की है। इस संबंध में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को सौंपे गए ज्ञापन में भारतीय किसान ने सवाल उठाते हुए कहा कि पेराई सत्र 2023-24 में पूरे प्रदेश में गन्ने की रिकवरी अधिकतम दर्ज की गई। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा, मां दन्तेश्वरी सहकारी शक्कर कारखाना अम्बिकापुर, सेवा सहकारी शक्कर कारखाना बालोद में शक्कर का रिकवरी पूरे पेराई सत्र के इतिहास में सबसे ज्यादा दर्ज की है। इसी प्रकार कबीरधाम जिले में करीब 250 गुड़ उद्योग संचालकों का भी यही कहना था कि इस वर्ष गन्ने में सबसे ज्यादा रिकवरी प्राप्त हुई है। लेकिन कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखण्ड स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना की रिकवरी कारखाना प्रबंधन द्वारा इस वर्ष कम दर्ज की गई है। संघ के मुताबिक जहां पिछले वर्ष 2022-23 में गन्ने की रिकवरी 13.12 प्रतिशत था वही इस वर्ष घटाकर यह 12.78 प्रतिशत बताई जा रही है। उन्होने बताया कि जब सभी जगह रिकवरी में वृद्धि हुई है तो सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना की रिकवरी में गिरावट कई प्रकार के संदेह को जन्म देती है, इससे गन्ना उत्पादक किसानों को सीधा-सीधा 3.50 करोड़ रूपए का नुकसान हो रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए संघ ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मामले की जांच कराए जाने एवं दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, महामंत्री जीवन यादव, उपाध्यक्ष कमलेश चंद्रवंशी, पूर्व लोहारा अध्यक्ष संजय साहू, जिला मीडिया सह प्रभारी दिनेश चन्द्रवंशी, तह पंडरिया अध्यक्ष भागवत चन्द्राकर, मंत्री दिनेश चंद्रवंशी, विजय साहू, मूलचंद साहू आदि उपस्थित थे।

अल्पवर्षा की स्थिति में कतार बोनी वरदानः डॉ.त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले में इस वर्ष 84 हजार हेक्टेयर रकबे में धान की खेती का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में वर्षा की कमी के कारण बोनी का कार्य धीमी गति से चल रहा है। वर्तमान में लगभग आधे रकबे में ही बोनी का कार्य पूर्ण हुआ है। मौसमी प्रतिकूलता के कारण वर्तमान में अल्पवर्षा या अवर्षा से वर्षा आधारित धान की खेती में किसानों को धान की रोपाई एवं बुवाई में पानी की कमी से समस्या हो रही है, इन विषम परिस्थितियों में धान की कतार बोनी लाभदायक सिद्ध होगी। कबीरधाम जिले में लगभग 10 हजार हेक्टेयर में धान की कतार बोनी की जाती है। कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बीपी त्रिपाठी ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा द्वारा विगत 3-4 वर्षो से धान की कतार बोनी को प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है एवं धान की खेतों में ज्यादा संसाधन जैसे पानी, श्रम तथा ऊर्जा की आवश्यकता होती है एवं धान उत्पादन क्षेत्र में इन संसाधनों की कमी आती जा रही है। धान उत्पादन में जहां पानी खेतों में भर कर रखा जाता है। जिसके कारण मीथेल गैस उत्सर्जन भी बढ़ता है जो की जलवायु परिवर्तन का एक मुख्य कारण है। रोपण पद्धति में खेतों मे पानी भरकर उसे ट्रेक्टर से मचाया जाता है, जिससे मृदा के भौतिक गुण जैसे मृदा संरचना, मिट्टी सघनता तथा अंदरूनी सतह में जल की परगम्यता आदि तक पहुंच जाती है जिससे आगामी फसलों की उत्पादकता में कमी आने लगती है। श्री त्रिपाठी ने बताया कि जलवायु परिवर्तन, मानसून की अनिश्चिता, भू-जल संकट, श्रमिकों की कमी और धान उत्पादन की बढ़ती लागत को देखते हुए हमे धान उपजाने की सीधी बुवाई उन्नत सस्य प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा तभी हम आगामी समय में पर्याप्त धान पैदा करने में सक्षम हो सकते है। धान की सीधी बुवाई एक ऐसी तकनीक जिसमें धान के बीज को बिना नर्सरी तैयार किए सीधे खेत में बोया जाता है। इस विधि में धान के रोपाई की आवश्यकता नही होती है।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे नागरिकों, आमजनों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सोमवार को जनदर्शन में ग्राम सोनझरी निवासी सुखचैन टंडन और ग्राम छिरहा निवासी राजाबाई ने अपने निजी जमीन से कब्जा हटवाने ने आवेदन दिया। कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम और तहसीलदार को जांच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम कुटेली के ग्रामीणों ने रबी फसल की बीमा राशि के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने कहा कि बीमा कंपनी द्वारा पात्र किसानों के खाते में पैसा हस्तांतरित किया जा रहा है। छूटे हुए किसानों के खाते में जल्द ही राशि हस्तांतरित किया जाएगा। कलेक्टर ने इस संबंध में कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। ग्राम डोमनपुर निवासी सुनीता चांदसे ने नक्शा सुधार के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने पंडरिया तहसीलदार को नि य मा नु सा र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर जनमेजय महोबे ने गंभीरतापूर्वक शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री हर्षलता वर्मा सहित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने 21-21 हजार रुपए का चेक देकर खिलाड़ियों को किया सम्मानित

राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में पदक प्राप्त 14 खिलाड़ियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सोमवार को कबीरधाम जिले के 14 खिलाडियों को सम्मानित किया। कलेक्टर श्री महोबे ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में पदक प्राप्त 14 खिलाड़ियों को स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से प्राप्त चेक राशि प्रति खिलाड़ी 21-21 हजार रूपए का चेक प्रदान किया। कलेक्टर ने सभी खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओं श्री संदीप कुमार अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी वायडी साहू, सहायक संचालक एवं जिला खेल अधिकारी एमके गुप्ता, दिनेश कुमार साहू, अश्वनी चन्द्राकर, दिनेश वर्गीस, आदित्य द्विवेदी, जितेन्द्र जांगड़े व्यायाम शिक्षक उपस्थित थे। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी के बेहतर प्रदर्शन ने कबीरधाम जिले का भी मान बढ़ाया है। इससे बाकी खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने आगे की स्पर्धाओं में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि भविष्य में खेल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या हो तो अवगत जरूर कराएं। जिला प्रशासन द्वारा खिलाड़ियों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। सहायक संचालक एवं जिला खेल अधिकारी एमके गुप्ता ने बताया कि कबीरधाम जिले के 14 खिलाड़ियों जिसमें 05 खिलाड़ी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव, 02 अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा, 02 खिलाड़ी स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा, 02 खिलाड़ी गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा, 01 खिलाड़ी स्वामी विवेकानंद विद्यालय कवर्धा, 01 आदर्श विद्या मंदिर कवर्धा और 01 गायत्री विद्या मंदिर के खिलाड़ियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया है। सभी प्रतिभागी खिलाड़ी बेसबाल एवं साप्टबाल खेल के खिलाड़ी है। जिनके कोच दिनेश वर्गीस, राजा जोशी, श्रुति ठाकुर की अहम भूमिका रही।

डिस्ट्रिक्ट अवार्ड समारोह में लायंस क्लब को मिले 5 अवार्ड व 7 सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के सत्र 2023-24 के अवार्ड समारोह में स्थानीय लायंस क्लब के पदाधिकारियों को शानदार 5 अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह समारोह 7 जुलाई रविवार को बिलासपुर के फोर स्टार होटल कोर्टयार्ड मैरिएट में संपन्न हुआ। सत्र के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन शैलेश अग्रवाल, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन दिलीप भंडारी, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वय लायन विजय अग्रवाल एवं लायन रिपुदमन सिंह पुसरी ने अवार्ड वितरण किए। लायन नीरज मंजीत छाबड़ा को सेवन स्टार माइक्रो चेयरपर्सन के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि पुरस्कारों को तीन कैटेगरी में बांटा गया था। सेवन स्टार को सर्वोच्च श्रेणी कहा गया था, फाइव स्टार एवं थ्री स्टार अन्य श्रेणियां थीं। नवीन सत्र के अध्यक्ष एमजेएफ लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल को एक्सीलेंट रीजन जीईटी कोऑर्डिनेटर, निवृत्तमान अधयक लायन बीपी गुप्ता को सेवन स्टार अध्यक्ष, लायन रामेश्वर गुप्ता को सेवन स्टार कोषाध्यक्ष एवं लायन डॉ. संगीता चौहान को श्रेष्ठ डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा लायन महेन्दर छाबड़ा, ममता बोथरा, संजय बोथरा, रामेश्वर गुप्ता, दुर्गेश केशरवानी, राजेन्द्र ठाकुर एवं रवि सोनी को सदस्यता के 10 वर्ष पूर्ण होने पर लायंस इंटरनेशनल के सर्टिफिकेट और पिन प्रदान कर सम्मानित किया गया।